संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 107 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं।

## 2047 के लिए 24 घंटे 7 दिन काम करेंगे: मोदी

### = लेटर में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है

**पत्र लिखा**

8 मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रामनवमी के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है। इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। पीएम ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा। पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक पीएम का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है।

**अन्नामलाई को भेजे लेटर में लिखा- आपने नौकरी छोड़कर जनसेवा चुनी, इसकी खुशी:** कोयंबटूर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को भेजे लेटर में पीएम लिखते हैं- रामनवमी के शुभ अवसर पर आपको लिखते हुए खुशी हो रही है। मैं आपको अच्छी सरकारी नौकरी छोड़ने और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं। आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनता के आशीर्वाद से, मुझे विश्वास है कि आप संसद तक पहुंचेंगे। आप जैसे टीम के सदस्य मेरे लिए बहुत बड़ी संपत्ति हैं। पीएम ने आगे लिखा, इस लेटर के माध्यम से, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। लोग कांग्रेस के 5-6 दशकों के शासन में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 सालों में, समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इनमें से कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में यह चुनाव निर्णायक होगा।

### 'यह चुनाव वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का'

**इसी** तरह का एक लेटर अनिल बलूनी को मिला। जिसमें पीएम लिखते हैं, यह चुनाव हमारे वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का एक अवसर है। भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट एक स्थिर सरकार बनाने की दिशा में जाएगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा को गति प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण समय में, मैं आपसे और अन्य सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के आखिरी कुछ घंटों का पूरा उपयोग करने का भी आग्रह करता हूं। साथ ही, मैं आपसे अपने और अपने आस-पास के अन्य लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने का भी अनुरोध करता हूं।

### लेटर के आखिर में वोटर्स से वोट करने की अपील की

**लेटर** के आखिर में पीएम ने वोटर्स से अपील करते हुए कहा, जनता गर्मी बढ़ने से पहले सुबह जल्दी वोट डालें। भाजपा उम्मीदवार के रूप में, मैं आपसे प्रत्येक मतदाता को अपना आश्वासन देने का आग्रह करता हूं कि मेरे समय का हर पल मेरे साथी नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है। पीएम ने लिखा- मैं आपको चुनाव में आपकी जीत के लिए शुभकामनाएं भेजता हूं। हम 2047 के लिए 24 घंटे 7 दिन काम करेंगे। 1 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी।

## ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित



**सुनवाई**

8 फैसला सुरक्षित, वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते: सुप्रीम कोर्ट, ईसी बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।


**पहले भी सुप्रीम कोर्ट में कई बार उठा है मुद्दा:** 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी ईवीएम में से कम से कम 50 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। उस समय, चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक ईवीएम का वीवीपैट मशीन से मिलान करता था।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। -भागवद्"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। -स्वामी विवेकानंद"

**तीसरी आंख**




## ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट अटैच किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: प्रवर्तन** निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10% रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन (2017 में ही 6600 करोड़ रुपए कीमत) के रूप में बड़ी रकम इकट्ठा की थी। इन बिटकॉइन का इस्तेमाल बिटकॉइन माइनिंग में होना था, लेकिन प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से अर्जित बिटकॉइन को ऑनलाइन वॉलेट में छिपा दिया। डील फेल हो गई और इन्वेस्टर्स को उनका फायदा नहीं दिया गया।

## 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज



**करें मतदान**

8 2019 में भाजपा 40, डीएमके 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है।

**161 कैंडिडेट्स पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज:** रिपोर्ट के मुताबिक, 10% यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

## बंगाल में रामनवमी पर दो जगह हिंसा

**आगजनी**

8 मुर्शिदाबाद में शोभायात्रा के बीच फूटा बम, मेदिनीपुर में आगजनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः पश्चिम बंगाल में** रामनवमी के अवसर पर दो जगह हिंसा हुई। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा शहर में मस्जिद के पास से शोभायात्रा निकालने के बाद दो समुदायों के बीच संघर्ष हुआ। इस बीच बम फटने की भी सूचना मिली। वहीं मेदिनीपुर के इगरा में भी दो समुदाय के बीच झड़प हुई और आगजनी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा में अब तक 18 लोगों के घायल होने की खबर है।

**मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में घर की छत से पत्थरबाजी:** बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने हिंसा के कुछ वीडियो शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा- ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के लिए कलंक हैं।

## ईरान में फंसे जहाज से भारतीय महिला की सुरक्षित वापसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है।

## सलमान फायरिंग केस में एक और अरेस्ट

### गोलियां चलाने वाले शूटरों के संपर्क में रहा, अनमोल बिश्नोई से निर्देश ले रहा था

**जांच जारी**

8 सलमान के घर के बाहर हुए फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा से एक और संदिग्ध को पकड़ा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** सलमान खान के घर के बाहर हुए फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा से एक और संदिग्ध को पकड़ा है। अभी तक व्यक्ति के नाम का पता नहीं चल सका है। पुलिस उसे अपने साथ मुंबई ले गई है। संदिग्ध से पूछताछ में पता चला है कि उसी ने मुख्य आरोपी विक्की और सागर को फायरिंग के लिए 1 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद और भी पैसे देने का वादा किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अमेरिका में बैठे भाई अनमोल बिश्नोई के टच में था। सलमान के घर पर गोली चलाने वाले दो मुख्य आरोपियों विक्की और सागर पाल को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

**घेरा** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था

## 'कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही'



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बुधवार को 'शहीद' करार दिया

**निशाने पर**

8 सुप्रिया ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बुधवार को 'शहीद' करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव शुरू होने में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। ऐसे में राजनीतिक दल प्रचार करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपनी जीत के लिए एक से बढ़कर एक चुनावी वादे किए जा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उसने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही है क्योंकि उसने लोकसभा चुनावों में अपनी हार भांप ली है।

**चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए:** और चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पिछले तीन दशकों से नक्सल खतरे का सामना कर रहे राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है।

**कांग्रेस ने वही किया है जो उनसे उम्मीद की जाती**

पूनावाला ने कहा, 'हमने छत्तीसगढ़ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान देखा जिसमें सुरक्षाकर्मियों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। यह वास्तव में सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई का स्वागत करने के बजाय कांग्रेस ने वही किया है जो उनसे उम्मीद की जाती है। हालांकि, यह विश्वास से परे है कि सबसे पुरानी पार्टी ने दावा किया है कि नक्सली वास्तव में शहीद थे। इसने हमारे सुरक्षा बलों की बहादुरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।'


श्रद्धांजलि एवं शोक सभा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
श्री धनंजय माहेश्वरी (बुई)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर रविवार 7 अप्रैल 2024 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं उनकी आत्मा की शांति के लिए
श्रद्धांजलि एवं शोक सभा शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को तय हुई है।
श्रद्धांजलि सभा ................................ सायं 4 से 5 बजे तक
स्थान :श्री शिव मन्दिर शिवाजी रोड़, आदर्श नगर, दिल्ली-110033
शोकाकुल परिवार
संजय माहेश्वरी (पिताजी) | आशीष, मनीष, शिवा (भाई)
कृष्ण गोपाल राठी (ताऊजी) | विभु, कृष्णा, कान्हा (भतीजे)
रवि कुमार माहेश्वरी (ताऊजी)
ई-17, शिवाजी रोड़, आर्दश नगर, दिल्ली 110033

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन

## विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल से शुरू होगी पहली रिहर्सल

**चमन शर्मा**

**शिमला: लोकसभा चुनाव** 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के कुल 1058 मतदान केंद्रों में तैनात किये जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 7231 कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में कर्मियों के डाटा को मिक्स करने के बाद शॉर्टलिस्ट




किया गया और अंत में उसे लॉक कर दिया गया। इसके पश्चात कर्मियों की चुनाव ड्यूटी कहाँ लगी है और कहाँ उनकी रिहर्सल होनी है, इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल 2024 से रिहर्सल आरम्भ हो रही हैं जिसके अनुसार जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 24 अप्रैल को ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में होगी और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 25 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली के सभागार में दो बैच में होगी।

इसी प्रकार, चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को तहसील ग्राउंड चौपाल तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को राजकीय आईटीआई ग्राउंड ठियोग स्थित जैस में होगी। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में और शिमला विधानसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में होगी। इसी प्रकार, रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज रामपुर के सभागार में और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को पीजी कॉलेज, सीमा, रोहड़ू के सभागार में होगी। उन्होंने बताया कि दूसरी रेंडमाइजेशन 16 मई 2024 को होगी जिसमें पोलिंग पार्टियों का गठन होगा।

# लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी शक्तियों और परिवारवादी शक्तियों के बीच: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमला। भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि 1 जून, 2024 को होने वाला लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी शक्तियों और परिवारवादी शक्तियों के बीच है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है जो गरीब कल्याण, महिला सम्मान, युवा उत्थान और देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर चली है तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवारों को बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। एक ओर दुनिया के महान नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है जो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को मिटाने का संकल्प लेकर चुनाव में उतरे हैं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इनके साथी भ्रष्टाचारियों को



बचाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। एक ओर मोदी जी के 10 साल का देश के विकास का ट्रैक रिकॉर्ड है जो मोदी जी की गारंटी है दूसरी ओर झूठ का, भ्रष्टाचार का, तुष्टीकरण का, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के आधार पर वोट मांगने का पुलिंदा है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश को पीछे धकलने का काम किया और थोथे नारे लगाकर वोट बटोरते रहे। 70 साल के बाद कश्मीर समस्या का हल हुआ, 70 साल के बाद तीन तलाक समाप्त हुआ, 70 साल के बाद धारा 370 और 35ए समाप्त हुई, 70 साल के बाद आतंकवाद पर नकेल लगी, 70 साल के बाद भारत दुनिया की 5वीं आर्थिक महाशक्ति बनाए 70 साल के बाद 25 करोड़ गरीब, गरीबी रेखा से बाहर आये, 40 साल के बाद 33 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को लोकसभा व विधान सभाओं में मिला, 70 साल के बाद श्रीराम जन्म स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, 70 साल बाद काशी विश्वनाथ की भव्यता का उदय हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### रौड़ा सेक्टर में श्रीराम नवमी पर श्रीराम जी के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के बाद पहली बार आई राम नवमी का पर्व बिलासपुर जिला मुख्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर शिव मंदिर समिति, यूथ क्लब बिलासपुर व श्री राम नाटक समिति रौड़ा सेक्टर के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर के वार्ड नंबर 2 में स्थित शिव मंदिर (बाबा बंगाली पार्क) के पास भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक अभिषेक सोनी व गायक लक्ष्मण दास लच्छू ने प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। भजन संध्या का आगाज गायक लक्ष्मण दास लच्छू ने गणेश वंदना के साथ किया। उन्होंने मैं माई नू मनावन चली, शेरांवाली मां व चलो बुलावा आया है आदि भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद भजन गायक अभिषेक सोनी ने एक से बढ़कर एक श्रीराम भजन सुनाकर भक्तों को भक्ति रस का पान करवाया। अभिषेक सोनी ने मुख से राम राम गाए जाए राम नाम के हीरे मोती, राम नाम गुण गाई लो, शबरी संवारे रास्ता, मेरी झोपड़ी के भाग, तुम्हें श्री राम बुलाते है, राम जी निकली सवारी, तुम उठो सिया श्रृंगार करो, दुनिया ने देव हजारों हैं व झंडा बजरंगबली का आदि भजन प्रस्तुत किए। वहीं, अमन त्रिवेदी ने नन्हें प्रभु श्रीराम और भ्राता लक्ष्मण के साथ वीर बजरंगबली की मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर जगदीश कौंडल, कमल शर्मा, रामेश्वर गौतम, संजीव शर्मा, परवेश राणा, अनु राणा, अमित कुमार, दिनेश कौंडल, श्याम कौंडल, ईशान गौतम, राघव शर्मा, निशांत कपूर, महेश बंसल व अजय राणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कालीस्थान मंदिर में मां भगवती की चौकी 21 अप्रैल को



**एसपी जैरथ**

**नाहन: शहर** के प्राचीन मंदिर कालीस्थान में 21 अप्रैल को महामाया भगवती की विशाल चौकी का आयोजन किया जा रहा है। चौकी में मनमोहन एंड पार्टी महामाया का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रामकिशन शर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल दिन रविवार को 6 बजे सांय से मां का गुणगान शुरू होगा। शर्मा ने बताया कि मन्दिर के उस भाग में चांदी की परत लगाया जाना प्रस्तावित है जिस छोटे मंदिर में मां भिंडी स्वरूप विराजमान हैं। ऐसे में भक्तों से अनुरोध है कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अपना सहयोग दें।

# आरसेटी के अधिकारियों ने फरनोल में बताया मतदान का महत्व

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: पंजाब** नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी हमीरपुर के माध्यम से गांव फरनोल में प्रशिक्षित की जा रही महिलाओं के लिए वीरवार को एक जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना की अध्यक्षता में आयोजित इस जागरुकता सत्र में महिलाओं को भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप के तहत मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया तथा उन्हें हर निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अजय कुमार कतना ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के



लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व नारा दिया है। निदेशक ने महिलाओं से कहा कि हमें हर चुनाव में निर्भय होकर तथा किसी भी तरह के प्रलोभन या झांसे में आए बगैर और अपने विवेक के अनुसार मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए.इस दौरान महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।जागरुकता सत्र के दौरान संस्थान के प्रशिक्षक संजय हरनोट ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया।

# रामनवमी पर शहतालाई में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: रामनवमी** के मौके पर शाहतलाई बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान रामनवमी के अवसर पर बुधवार को शाहतलाई में दोपहर दो बजते ही मंदिरों में घंटे-घड़ियालों की आवाज गुंजने लगा। शोभायात्रा में जय श्री राम व जय हनुमान के जयघोष गूंजता रहा। इस अवसर पर बाहुबली हनुमान जी की दिव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शांति सेवा समिति अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने बताया कि इस बार की शोभायात्रा इसलिए भी विशेष रही क्योंकि भगवान श्री राम लगभग 500 साल बाद अपने घर अयोध्या में विराजे हैं। उन्होंने सनातन सेवा समिति को रामनवमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर सभी से भगवान राम के आदर्शों को अपनाने का आवाहन भी किया। इस मौके पर सुदर्शन शर्मा शशि रघुवंशी अंकुश सोनी गोरी महंत अमरनाथ धीमान अंकु ठाकुर,आँचल , अर्पित कौशल, सचिन सोनी आदि कई राम भक्त शामिल हुए।

# सतत कृषि के लिए बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर-आधारित माइक्रोजेल विकसित किया

## नाइट्रोजन (एन) और फ ास्फ ोरस (पी) उर्वरकों की धीमी रिहाई के लिए इंजीनियर किया गया है

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी की एक शोध टीम ने प्राकृतिक पॉलिमर-आधारित बहुक्रियाशील स्मार्ट माइक्रोजेल के विकास के साथ सस्टेनेबल कृषि में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इन माइक्रोजेल को विस्तारित अवधि में नाइट्रोजन (एन) और फ ास्फ ोरस (पी) उर्वरकों की धीमी रिहाई के लिए इंजीनियर किया गया है, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए फ सल पोषण को बढ़ाने के लिए एक आशाजनक समाधान पेश करता है।

जैसे-जैसे वैश्विक आबादी 2050 तक अनुमानित 10 बिलियन की ओर बढ़ेगी, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। कृषि इस मांग को पूरा करने, और उर्वरक, फ सल उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, पारंपरिक नाइट्रोजन (एन) और फ ास्फ ोरस (पी) उर्वरकों की अक्षमता, जिनकी



अवशोषण दर क्रमशः 30: से 50: और 10: से 25: है, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए कृषि उत्पादन को अनुकूलित करने में चुनौतियाँ पैदा करती है। आधुनिक कृषि बढ़ती आबादी की बढ़ती खाद्य मांग को पूरा करने के लिए उर्वरक अनुप्रयोगों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। जबकि उर्वरक पौधों को पोषक तत्व प्रदान करने और फसल की पैदावार में सुधार करने के लिए आवश्यक हैं, उनकी प्रभावशीलता अक्सर गैसीय अस्थिरता और लीचिंग जैसे कारकों पर प्रभाव डालती है।

नतीजतन, अत्यधिक उर्वरक उपयोग से न केवल उच्च लागत आती है बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसमें भूजल और मिट्टी प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य खतरे भी शामिल हैं। इसलिए सस्टेनेबल कृषि पद्धतियों की ओर बदलाव को सुविधाजनक बनाने के लिए, उर्वरक रिहाई को लम्बा करने वाले तकनीकी विकल्प विकसित करना अनिवार्य है।

# फॉर्म 12-डी का प्रयोग कर घर से कर सकते है मतदान

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: लोकसभा** चुनाव-2024 के दृष्टिगत 26-करसोग (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए डिग्री कॉलेज करसोग में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम करसोग राज कुमार ने की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर द्वार पर मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतू भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है। फ ॉर्म 12-डी के माध्यम से इस आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर, घर बैठ कर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।एसडीएम ने बताया कि सभी बूथ लेवल अधिकारी उनके पोलिंग बूथ के अंतर्गत आने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी फ ॉर्म 12-डी के माध्यम से 12 मई, 2024 तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें। बीएलओ फ ॉर्म 12-डी से संबंधित डिटेल उनके सुपरवाइजर के माध्यम से भी भेज सकते है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा भेजी जाने वाली डिटेल को दैनिक आधार पर मॉनिटर किया जाएगा ताकि करसोग विधानसभा क्षेत्र के सभी पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर सभी बूथ स्तर अधिकारियों को फ ॉर्म 12-डी वितरित भी किए गए।

इस मौके पर निर्वाचन विभाग से देवेंद्र कुमार, एसडीके राम कृष्ण सहित बीएलओज उपस्थित थे।

# सिरमौर की बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा बिना कोचिंग की पास

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किये गए परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की गुर्जर समुदाय से संबंध रखने वाली बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा क्रेक की है। जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन से करीब 22 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध शक्तिपीठ त्रिलोकपुर की रहने वाली 25 वर्षीय निधी चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। निधी चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा में देश भर में 691 रैंक हासिल किया है। जानकारी के मुताबिक निधी चौधरी ने बताया कि उसने संघ लोक




सेवा आयोग की परीक्षा चौथे प्रयास में साफ की है। निधी ने बताया कि उसने ना तो कहीं कोचिंग ली है और ना ही किसी निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षा हासिल की है। गौर हो कि निधि चौधरी चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पीजी कॉलेज से बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी की है। बीएससी पास करने के बाद निधी यूपीएससी की तैयारी में जुट गई थी, जिसके चलते उसने यह सफलता हासिल की है। गौर हो कि निधी चौधरी के पिता चंडीगढ़ में आईटीबीपी में बतौर सहायक कमांडेंट कार्यरत है।

निधि चौधरी ने बताया कि पिछले चार वर्षों से वह लगातार तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि सफल होने के लिए जरूरी नहीं कि कहीं ट्यूशन या फिर कोचिंग ही ली जाए। निधी ने बताया कि सफलता का मूल मंत्र सेल्फ स्टडी है जिसके चलते वह मुकाम हासिल कर सकता है।

# सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देने सलापड़ पहुंची बाडू बाड़ा देव की शाही जलेब

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:सकेत सुंदर** नगर उपमंडल के बाडू गांव से बाडू बाडा देव रामनवमी के दिन चम्योण गांव से होते हुए अपनी जलेब के साथ सलापड़ में पहुंचे। सोलन जिले की सीमा के साथ लगती नदी के उस पर स्थित बाडू गांव में बाडू बाडा देव का निवास स्थान है। बाडू बाडा देव कमेटी के प्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि हर चार जिले के हर क्षेत्र में बाडू बाडा देव की बहुत ही मान्यता है। आगामी दो मई तक देव की जात्रा होगी यही नहीं



श्रद्धालुओं दवारा पहले से ही पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर समय ले रखा है। पिछले अढ़ाई महीनों से देव अपने निवास स्थान से यात्रा पर है और सालों भर से अपनी मन्नत पूरी होने के बाद लोग देव को अपने घर में आने के इंतजार में होते है। आस्था रखने वाले श्रद्धालु के निवास पर उनके आराध्य देव शाम होने से पूर्व पहुँचते है और दूसरी शाम को अन्य जगह तय सुधा कार्यक्रम में पहुंच कर सुख शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते है। शाम के समय आरती के बाद रात पर जगराता और अपनी समस्याओं का निदान पाने के लिए देव के पास अपनी हाजरी भरते है। यह नहीं लोगों की मुरादें पूरी होने के चलते देव को घर-घर बुलाते है।

मंडी, बिलासपुर, सोलन और शिमला के इन चारों जिलों में देव की बहुत ही मान्यता है। पुजारी सोम कृष्ण शर्मा ने बताया कि बीती रात को सोलन जिले के यानी पूर्व में रही मांगल रियासत के तरेडडा गांव में देव की जात्रा का आयोजन हुआ।

# महिलाएं उनके 1500 रुपये में बीजेपी के टांग अड़ाने से अत्यंत दुखी: देवराज भाटिया

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी देवराज भाटिया ने प्रैस को जारी बयान मे आरोप लगाया है कि भाजपा ने महिलाओं को मिलने वाली 1500 रूपए की राशि मे रोड़े अटकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार द्वारा एक बड़ी गारंटी को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया तो जो बीजेपी एक साल से गारंटियों को पूरा करने के लिए शोर मचा रही थी, वही इस बड़े निर्णय से दुखी हो गई और गरीब महिलाओं को मिलने वाली इस राशि के फ ॉर्म भरने को ही रोक दिया जो अति दुर्भाग्यपूर्ण है। यद्यपि सुक्खू सरकार ने इस दिशा में नियमानुसार कार्य करते हुए पहले बजट में प्रावधान किया उसके बाद



मंत्रिमंडल बैठक में पारित किया तदोपरांत नियम उप नियम बनाकर नोटिफिकेशन जारी करके गरीब महिलाओं को मिलने वाली

**कुठाराघात**

**8 हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार द्वारा एक बड़ी गारंटी को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया तो जो बीजेपी एक साल से गारंटियों को पूरा करने के लिए शोर मचा रही थी**

मासिक 1500 रुपए का रास्ता साफ कर दिया। परंतु यह अति दुखद रहा कि जो बीजेपी पार्टी कांग्रेस सरकार बनते ही गारंटियों को पूरा करने के लिए जगह-जगह शोर मचा रही थी, वहीं बीजेपी इस निर्णय से इतनी दुखी हो गई कि उन्होंने महिलाओं को फ ॉर्म भरने से ही रोक दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के इस व्यवहार और आचरण से हिमाचल प्रदेश की गरीब महिलाएं अत्यंत दुखी और निराश है। उनकी उम्मीद सरकार से ही होती है और सरकार जब हमारी मदद करना चाह रही है तो बीजेपी को इस तरह से करना महिलाओं के साथ कुठाराघात की तरह है। जिसकी कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। भाटिया ने दावा किया है कि कांग्रेस सरकार द्वारा ये 1500 रुपए सभी पात्र महिलाओं को मिलेगा बिना कांग्रेस या बीजेपी विचारधारा भेदभाव के मिलेगा। भाटिया ने कहा कि सरकार लोगों के कल्याण और सुख के लिए बिल्कुल सही निर्णय ले रही है। अगर बीजेपी की सरकार होती तो बीजेपी कम कर रही है यदि इस सदी की बड़ी आपदा हिमाचल में नही आई होती तो इन ग्रांटियों को पूरा करने में सरकार एक वर्ष भी नही खर्च करती।

# सिहड़ा में बताया हीमोफीलिया एक अनुवांशिक बीमारी

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: डॉ.** सुरेंद्र सिंह बाबा खंड चिकित्सा अधिकारी सदर ब्लॉक मार्कण्ड के दिशा-निर्देश में खंड स्तरीय विश्व हिमोफीलिया दिवस हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सिहड़ा अनंत राम वार्ड मेंबर की अध्यक्षता में मनाया गया। हेल्थ एजुकेटर ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है, जिसमें रक्त के थक्के बनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो जाती है, जिससे के मामूली चोट में भी गंभीर रक्तस्राव हो सकता है। हीमोफ़ीलिया जीन में उत्परिवर्तन या परिवर्तन के कारण होता है, जो रक्त का थक्का बनाने के लिये आवश्यक क्लॉटिंग फैक्टर प्रोटीन बनाने के लिये निर्देश प्रदान करता है।



यह परिवर्तन या उत्परिवर्तन क्लॉटिंग प्रोटीन को ठीक से कार्य करने या पूरी तरह समाप्त होने से रोक सकता है। ये जीन गुणसूत्र पर स्थित होते हैं। एक बच्चे के लिंग का निर्धारण करने के तरीके में शामिल आनुवंशिकी के कारण, महिलाओं की तुलना में पुरुष हीमोफीलिया के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यह काफी दुर्लभ बीमारी है, लगभग 10,000 लोगों में से 1 व्यक्ति इससे प्रभावित होता है हीमोफीलिया के लक्षण नाक से लगातार खून बहता है। मसूड़ों से खून निकलता है, त्वचा आसानी से छिल जाती है, शरीर में आंतरिक रक्तस्राव के कारण जोड़ों में दर्द होता है। इस कार्यक्रम को अधिक फलदायक बनाने के लिए प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें 5 ईनाम वितरित किए गए।

# भाजपा के संकल्प पत्र से देश मे उड़ी कांग्रेस की नींद: गोविंद

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: भारत** देश में अब कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड लहर से घबरा गई है और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों से कांग्रेस पार्टी की नींदे उड़ गई है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में भी व्यवस्था परिवर्तन का दौर चल रहा है और महिला, युवा, किसान, बागवान, जनता सब प्रदेश में विकास के नाम पर धोखा खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी अपनी गारंटी पूरी नहीं कर पा रही। बल्कि झूठे सपने ही जनता को दिखा रही है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि आपसी खींचतान के चलते चुनावों में कांग्रेस के टिकट बंट रहे हैं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

**हमला बोला**

**8 कांग्रेस मोदी के प्रचंड लहर से घबरा गई है और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों से कांग्रेस पार्टी की नींदे उड़ गई है**

अपनी ही बेटी को चुनाव लडने पर जोर दे रहे हैं। टिकट आवंटन में जो देरी हो रही है वह सिर्फ पार्टी की अंतर कलह के कारण हो रही है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान, अन्नदाता के कल्याण पर फ ोकस किया गया है और मध्यम वर्ग परिवारों पर ध्यान केंद्रित कर यह संकल्प पत्र



में कई बातें लिखी गई है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाया गया है और वरिष्ठ नागरिकों को भी इससे बड़ा सहारा मिला है। हिमाचल में आयुष्मान भारत और हिम केयर योजना के 300 करोड़ रुपए रोके गए हैं। जिस पर आईजीएमसी के 70 करोड़ और टांडा मेडिकल कॉलेज के लगभग 90 करोड रुपए प्रदेश सरकार के द्वारा रोके गए हैं। वहीं कांग्रेस के केंद्रीय संकल्प पत्र से ओल्ड पेंशन स्कीम का गायब होना भी अपने आप में सवाल है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि निगम और बोर्ड से सेवा निवृत 6730 अधिकारी व कर्मचारी अपनी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस सरकार इस पर बिल्कुल चुप है। कांग्रेस सरकार ने लोन लिया और घी की तरह पिया और अब भाजपा को इस मामले में दोष दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने 15 महीने में 18000 करोड रुपए का ऋण लिया है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को हर महीने रू1500 देने की बात कर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें गुमराह किया। जबकि भाजपा आज कांग्रेस सरकार से पूछता है कि प्रदेश में 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद करने की क्या जरूरत थी। कांग्रेस सरकार क्या नहीं चाहती थी की जनता को घर द्वार पर कोई सुविधा मिले। कांग्रेस के नेता अब केवल झूठे आरोप लगा रहे हैं और झूठे केस बनाने में कांग्रेस के नेता काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की अगर बात करें तो समग्र शिक्षा में बेहतर कार्य म लिए हिमाचल को केंद्र से 966 करोड रुपए की राशि दी गई है। इस दौरान स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत भी प्रदेश को 305 करोड रुपए दिए हैं और इस योजना के तहत शिक्षा में सुधार भी हुआ है।

# उपायुक्त को सभा के कार्य से अवगत करवाया

**जागरूक किया**

**8 दान करने से बहुत बड़े पुण्य का फल मिलता है व मतदान करना तो महान पुण्य का कार्य है**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम, महासचिव लीला गोपाल शर्मा मुख्य सलाहकार पंडित देवराज शर्मा ने डीसी कुल्लू से शिष्टाचार भेंट की। प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने डीसी कुल्लू रोरुल एस. रवीश को सभा द्वारा किए जा रहे समाजिक कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंनें कहा कि राज्य ब्राह्मण सभा सामाजिक दायित्व को मजबूती से निभा रही है । मनमोहन गौतम ने बताया कि



लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण सभा सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक कर रही है। लोगों की मतदान में ज्यादा भागीदारी से न केवल हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ होगा बल्कि सरकार निर्माण में भी सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंनें कहा कि ब्राह्मण सभा दान करवाने और दान करने में विश्वास रखती है स प्रदेश ब्राह्मण सभा ने अपने सदस्यों से आग्रह किया है कि अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं से निष्पक्ष शत-प्रतिशत मतदान करवाएं। शास्त्रों में बताया है कि दान करने से बहुत बड़े पुण्य का फल मिलता है व मतदान करना तो महान पुण्य का कार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाचल प्रदेश के कारीगरों और बुनकरों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है फिल्पकार्ट समर्थ

**कुल्लू: भारत के** आर्थिक परिदृश्य की विविधतामें कारीगर, बुनकर और शिल्पकार वो रंगीन धागे हैं, जो राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में इन महिलाओं और सूक्ष्म उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारत के घरेलू ई-कॉमर्स बाजार फ्लिपकार्ट ने उनके सशक्तीकरण और उत्थान के लिए प्रतिबद्धता जताई है। 2019 में लॉन्च किया गया फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम अब अपने 5वें वर्ष में भारत भर के दस लाख से अधिक कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों के लिए आशा और प्रगति की किरण के रूप में खड़ा है।विश्व कारीगर दिवस के अवसर पर फ्लिपकार्ट ने वंचित समुदायों को सशक्त बनाने, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। फ्लिपकार्ट समर्थ ने कार्यक्रम के उल्लेखनीय प्रभाव को उजागर करते हुए पिछले वर्ष व्यवसायों को 300% बढ़ने में मदद की। 50करोड़ से अधिक ग्राहकों को अखिल भारतीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके फ्लिपकार्ट कारीगरों के सपनों को ई-कॉमर्स सेक्टरके साथ एकीकृत करता है। यह पहल सामाजिक कल्याण के प्रति फ्लिपकार्ट के समर्पण की प्रतीक है।यहां एक ऐसे भविष्य की कल्पना है जहां हर कारीगर की क्षमता का जश्न मनाया जाएगा और उसका पोषण किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की तीन महिला कारीगरों रितु देवी, कौशल्या देवी और रामकली ने हिमाचल प्रदेश में सशक्तीकरण और लचीलेपन की कहानी बुनी है।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और फ्लिपकार्ट समर्थ द्वारा समर्थित उन्होंने वित्तीय आजादी प्राप्त करते हुए ऊनी शिल्प में अपने पारंपरिक कौशल को एक टिकाऊ व्यवसाय मॉडल में बदल दिया।शुरूआत में कुल्लू के छोटे स्थानीय बाजारों तक सीमित, एनयूएलएम और फ्लिपकार्ट समर्थ के साथ उनके सहयोग ने देश भर में बाजार तक पहुंच दी,जिससे उनकी आजीविका में काफी सुधार हुआ।शॉल, टोपी, मफलर, पारंपरिक शीतकालीन परिधान और प्रसिद्ध हिमाचली टोपी जैसे हस्तनिर्मित ऊनी परिधानों में विशेषज्ञता के साथ उनके उत्पाद अब पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचते हैं।स्थानीय दुकानों से एक विस्तृत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में बदलाव ने न केवल उनके व्यवसाय का विस्तार किया है, बल्कि उनकी सामुदायिक प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है।उनकी सफलता ने उनके समुदाय की अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में शामिल होने और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में समान मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया है।इस विश्व कारीगर दिवस पर हम अपने कारीगर विक्रेताओं के लचीलेपन, रचनात्मकता और सफलता की कहानियों को उजागर करते हैं। फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के कारीगरों के उल्लेखनीय योगदान को उजागर करते हुए एक समावेशी, न्यायसंगत और समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### एचपीसीए का धर्मशाला स्टेडियम भारत का पहला स्टेडियम होगा जहां वैश्विक स्पोर्ट्स सरफेस कंपनी एसआईएस पिचेज एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिच तैयार करेगी

**धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा सबसे आगे रहा है। राज्य में क्रिकेट के प्रबंधन निकाय एचपीसीए ने हाल ही में अपनी अभ्यास सुविधाओं में एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए एक रोमांचक पहल की है। यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि अभ्यास पिचें उच्चतम गुणवत्ता वाली हों क्योंकि पारंपरिक पिचें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं झेल सकतीं और जल्दी ही खराब हो जाती हैं जिससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के बेशकीमती अवसर सीमित हो जाते हैं।एसआईएसग्रास,नीदरलैंड स्थित एसआईएस पिचेज समूह की कंपनियों का अंग है और धर्मशाला के खूबसूरत एचपीसीए स्टेडियम में पहली बार हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन में अपने क्रांतिकारी निवेश के साथ भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अधिक टिकाऊ,सुसंगत और उच्च प्रदर्शन वाली खेल की पिच प्रदान कर इस खेल के अनुभव में आमूल परिवर्तन लाएगी।एसआईएसग्रास प्रौद्योगिकी खिलाड़ियों को सुरक्षा,स्थायित्व और शानदार खेलने की क्षमता का बेजोड़ संयोजन प्रदान करती है।शानदार एचपीसीए स्टेडियम अपनी तरह की पहले हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन के लिए तैयार है।इस पिच के इंस्टॉलेशन के बारे में एचपीसीए के मानद अध्यक्ष,आर पी सिंह ने कहा, प्रशंसकों के बीच धर्मशाला स्टेडियम ऐसे स्टेडियम के रूप में उभर रहा है जिसकी मांग बढ़ रही है और यह अपने सुरम्य परिवेश तथा सुंदर माहौल के लिए प्रसिद्ध है और घरेलू,अंतर्राष्ट्रीय तथा आईपीएल मैचों की मेजबानी करता है।एचपीसीए ने क्रिकेट में लगातार उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाया है। उत्कृष्टता केंद्र में हमारी अत्याधुनिक इनडोर सुविधाओं से लेकर एलईडी लाइटिंग और कुशल जल निकासी के लिए एसआईएस एयर सिस्टम को लागू करने तक हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। भारत में एसआईएसग्रास की अभूतपूर्व हाइब्रिड पिच प्रौद्योगिकी का आगमन हमारे राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अभूतपूर्व क्षण का प्रतीक है।

# कड़ी मेहनत एवं संघर्ष सफलता का मूल मंत्र: अमरनाथ धीमान



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: शिक्षाविद** प्रमुख समाजसेवी एवं शांति सेवा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने यूपीएससी की परीक्षा में 352वां रैंक प्राप्त करने पर घुमारवीं के आर्यन शर्मा व अभिभावकों को बधाई दी। अमरनाथ धीमान ने कहा कि कड़ी मेहनत एवं संघर्ष जीवन में रंग लाता है और आर्यन शर्मा इसकी मिसाल है। उन्होंने कहा कि आर्यन शर्मा के पिता अश्वनी शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल घुमारवीं में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। काफ ी समय उन्होंने इक्टठे शिक्षा के क्षेत्र में एक साथ लगाया है। अमरनाथ धीमान व ज्ञानी देवी ने आर्यन की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

# अभिलाषी यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षुओं ने ली मतदान की शपथ

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: नाचन विधानसभा** के में मा भी पाणा वोट अभियान के तहत आज एसडीएम गोहर की अध्यक्षता में अभिलाषी यूनिवर्सिटी नाओ ग्रांओ में स्वीप टीम द्वारा युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। अभियान में बीएएमएसए बी फामेर्सी, बीएससी एग्रीकल्चर, एमपीएचडब्ल्य, एमबीएए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स आदि के प्रशिक्षुओं को मतदान का महत्व समझाया गया।दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मे मतदान की क्या उपयोगिता है यह भी विस्तार से समझाया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने प्रशिक्षुओं को 1 जून 2024 को मतदान करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या



जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में ईमानदारी से दर्ज करवा लें। साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों में बढ़ चढकर मतदान करने का आह्वान भी किया। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में नाचन में 81: मतदान का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए चुनाव विभाग और स्वीप टीम मतदान प्रतिशत बढाने के लिए लगातार मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाए हुए है जो की मतदान होने तक जारी रहेंगे। ऐसे कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थानों, एजुकेशन कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व आईटीआई स्थानीय मेलों आदि में चलेंगे। मतदान की उपयोगता को समझाने के लिए अभिलाषी यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने समूह गान द्वारा मतदान करने की अपील की। पोशाली ने अपने दमदार भाषण से मतदान की उपयोगिता गिनवाई और संदेश दिया गया कि बिना किसी लालच में आये उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करें और चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लें। करन ने इंस्ट्रुमेंटल कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत और टीम सदस्य हेमराज ने मतदाता जागरूक गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर चुनाव विभाग से नायब तहसीलदार इंदर सिंह, हुक्म, प्रवीण, स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, स्वीप टीम के सदस्य हेमराज, सुरेश, योगेश, अभिलाषी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार कपिल कपूर, डीन देवेंद्र व अन्य स्टाफ सदस्य तथा लगभग 700 प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# एग्जिट पोल के प्रकाशन एवं प्रसारण पर एक जून तक प्रतिबंध: अमरजीत सिंह

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024, विभिन्न प्रदेशों के विधानसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में पहले चरण का मतदान शुक्रवार 19 अप्रैल को होगा, जबकि अंतिम चरण का मतदान शनिवार एक जून को होगा। इसलिए भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल सुबह 7 बजे से एक जून शाम साढे 6



बजे तक की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रसारण अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126, की उपधारा (1) के तहत यह आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126, की उपधारा (1बी) के तहत भी आयोग द्वारा जारी एक अन्य आदेश के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी तरह के ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रसारण पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' से डिजिटल वोटर स्लिप कर सकते हैं डाउनलोड

**धर्मशाला: भारत** निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन ऐप से पात्र मतदाता अपनी डिजिटल फोटो वोटर स्लिप भी डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन ऐप आम मतदाताओं के लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। वोटर हेल्पलाइन ऐप में आम मतदाताओं के लिए कई सुविधाजनक फीचर्स उपलब्ध करवाए गए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढना, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना, मतदाता के विवरण को दुरुस्त करवाना और मतदाता पहचान पत्र को आधार नंबर या मोबाइल नंबर से लिंक करवाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य इस ऐप के माध्यम से घर बैठे ही करवाए जा सकते हैं।

# कौलसिंह लोस चुनाव में मात्र औपचारिकताएं पूरी कर रहे: सकलानी

## कोल जानते है कि काँग्रेस का अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर:** ठाकुर कोल सिंह हार के डर से स्वयं चुनाव मैदान में न उतरकर मात्र औपचारिकता पूरी करने के लिए जीत का दम भर रहे है। यह बातें भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय सकलानी ने कहीं। उन्होंने कहा कि कोल सिंह जानते है कि काँग्रेस का अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है प्रदेश सरकार ने जो झूठी गारंटियों के सहारे प्रदेश की जनता को ठग कर सरकार बनाई थी अब काग्रेस बेनकाब हो चुकी है। वर्तमान सांसद ने स्वयं अपने बयान में कहा है कि काग्रेस ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भेदभाव किया है जिस कारण वो जनता के वोट मांगने नही जा सकती और न ही वो चुनाव लडना चाहती है । स्वयं रानी प्रतिभा सिंह व कोल सिंह ने इस बार चुनाव लडने से मना कर दिया। वो इस बात को जानते है कि काग्रेस प्रदेश में चारो लोकसभा सीटे हारेगी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि कोल सिंह वरिष्ठ नेता है और कभी उन्होंने भी राजनीति में शुरूवात की थी। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना के बयान को तोड़ मरोड़ कर मीडिया में पेश करना उनको शोभा नही देता कंगना ने कहा था कि महिलाओं को 2014 के बाद उज्वला योजना आने से चूल्हे के धुएं से आजादी मिली, मोदी सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया कि मातृ शक्ति सुविधा के लिए घर-घर शौचालय निर्माण जिस से स्वछता भी



**साधा निशाना**

**8 प्रदेश सरकार ने जो झूठी गारंटियों के सहारे प्रदेश की जनता को ठग कर सरकार बनाई थी अब काग्रेस बेनकाब हो चुकी है**

बनी रहे, लेकिन कंगना के इस बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है, कोल सिंह वरिष्ठ नेता है वर्षो मंत्री रहे है पिछली बरसात में हुई त्रासदी पर उन्होंने जोगिंद्रनगर व द्रंग की जनता की क्या सहायता की अभी तक जनता मुआवजे के लिए दर दर भटक रही है। कोल सिंह ने किसी एक त्रासदी पीड़ित की सहायता की हो तो बताए। कंगना ने हिमाचल के एक छोटे से गाँव से निकल कर अभिनय के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना नाम कमाया है अपनी मेहनत के बल पर उन्हें पदम्श्री सम्मान मिला है।

# 'महिलाओं को दी जाएगी 1500 रुपए पेंशन'

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा नेता महिला हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। आज जारी एक बयान में नरेश चौहान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की हितैषी है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए कौन चुनाव आयोग के पास गया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को महिलाओं को दिए जा रहे अधिकार में अड़ंगे लगाने के लिए प्रदेश की जनता से माफी माँगनी चाहिए क्योंकि भाजपा नेता ही 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग के पास गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना



मर्जी जोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। भाजपा सिर्फ महिला विरोधी ही नहीं बल्कि कर्मचारी विरोधी भी है। पुरानी पेंशन माँगने पर भाजपा नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों को मजाक. बनाया और उन्हें चुनाव लड? की चुनौती दी गई। जबकि राज्य में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान कीए ताकि बुढ़ापे में उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने को मजबूर न होने पड़े और वह आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें। भाजपा नेताओं को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन को क्यों बंद कर दिया, जबकि अशोक गहलोत के नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा नेता सिर्फ प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए मीडिया में झूठे बयान दे रहे हैं, लेकिन हिमाचल में लोग पढ़े लिखे हैं, समझदार हैं और सत्य.असत्य के बीच अंतर भली.भाँति करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मात्र सवा साल के कार्यकाल में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीना पेंशन प्रदान की, सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, 20 हजार से अधिक सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। यहीं नहीं युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपये स्टार्ट अप फंड तैयार किया है और सवा साल में ही पांच गारंटियाँ पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गारंटियों से आगे बढकर जनकल्याण का एक नया अध्याय लिखा है।

### एसपी आफिस बद्दी के समीप अज्ञात शव बरामद

**सोलन: जिले** के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में एसपी कार्यालय के समीप झुग्गी में वीरवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, और शव को नालागढ़ अस्पताल शव गृह में रखा गया है । बरोटीवाला पुलिस थाने में किसी ने फोन पर सूचित किया था कि एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है । सूचना के आधार पर बद्दी के पुलिस स्टेशन बरोटीवाला के एएसआई नरेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल शिनाख्त के लिए पहुंचाया गया । लेकिन इसकी पहचान नहीं हो पाई । पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नालागढ़ भेजा गया है।

# हिम साहित्य परिषद करवाएगी साहित्यिक आयोजन

## परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में विचार विमर्श किया गया

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: हिम** साहित्य परिषद द्वारा इस वर्ष एक राज्य स्तरीय साहित्यिक आयोजन करने पर विचार किया जा रहा है। इस बात पर आज परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में विचार विमर्श किया गया। परिषद के अध्यक्ष डॉ पीसी कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस आयोजन से पहले परिषद के पुराने सदस्यों का



नवीनीकरण किया जायेगा तथा नए सदस्य भी बनाए जाएंगे। बैठक में सलाहकार बीरबल शर्मा ने सुझाव दिया कि ऐसे कार्यों के लिए अन्य सिस्टर ऑर्गेनाइजेशन्ज का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत सी संस्थाएं साहित्यिक, सांस्कृतिक, पुरातात्विक या अन्य विधाओं में काम कर रही हैं लेकिन आपसी तालमेल की कमी है। कोषाध्यक्ष उत्तम शर्मा ने राज्य स्तरीय

कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव रखा जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए अगली बैठक में विस्तृत विचार विमर्श कर कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यकारी सदस्य सीताराम वर्मा व भूप सिंह प्रभाकर ने कहा कि सभी पदाधिकारियों की सक्रियता ही परिषद की प्रियता है ऐसे में सभी का सहयोग अपेक्षित है। महासचिव भगत सिंह गुलेरिया ने शीघ्र ही नहीं कार्यकारिणी के गठन की बात कही जिस पर यह निर्णय लिया गया कि नई सदस्यता व नवीनीकरण के पश्चात शीघ्र ही आम सभा की बैठक बुलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक



**चमन शर्मा**

**शिमला: लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत आज कोटखाई उपमंडल के ग्राम पंचायत पनोग के ग्राम बड़व में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। तहसीलदार कोटखाई ललित ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी लोग इस लोकसभा चुनाव में अवश्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ किशोर जोधा ने उपस्थित लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने हेतु लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत की प्रधान, महिला मंडल प्रधान, पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वयं सहायता समूह की समस्त महिला शक्तिए नवयुवक मण्डल के सदस्यों ने बढ़चढकर भाग लिया।

# उपमुख्यमंत्री की बेटी आस्था ने चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर लगाया विराम

## आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें चुनाव लडने के लिए कहा था

**राजन पुरी**

**ऊना: हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र या गगरेट विधानसभा के उपचुनाव में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी आस्था अग्निहोत्री को प्रत्याशी बनाये जाने की चर्चाओं पर खुद आस्था अग्निहोत्री ने ही विराम लगाते हुए किसी भी चुनाव लडने से इनकार कर दिया है। पार्टी हाई कमान द्वारा टिकटों पर चर्चा को लेकर हुई बैठक के दौरान अपना नाम लिए जाने पर आस्था ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। आस्था अग्रिहोत्री ने कहा कि उनकी माता के निधन को अभी मात्र दो माह ही हुए हैं और वो अभी तक मां से बिछडने के गम से उभर नहीं पाई है। ऐसे में चुनाव लडने का सवाल ही पैदा नहीं होता और वो अभी अपना समय मां की स्मृतियों के साथ ही बिताना चाहती है। आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें चुनाव लडने के लिए कहा था, जोकि सम्मान की बात है, लेकिन इस वक्त परिस्थितियां अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मां सिम्मी अग्निहोत्री के निधन को अभी दो माह ही हुए हैं, ऐसे में



उन्होंने विनम्रता से चुनाव लड?को लेकर असमर्थता जाहिर की है। वहीं आस्था ने गगरेट से चुनाव लड? के सवाल पर कहा कि वो दो-दो विधानसभा क्षेत्रों से उनके परिवार द्वारा ही चुनाव लडने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से हरोली विधानसभा से एक रिश्ता जुड़ा हुआ है और पिता मुकेश अग्निहोत्री लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। ऐसे में किसी और विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की कोई लालसा नहीं है। उन्होंने कहा कि गगरेट से किसी भी स्थानीय नेता को ही चुनाव लड़वाना चाहिए। आस्था अग्रिहोत्री ने कहा कि हम पार्टी के साथ काम करेंगे, लेकिन परिस्थितियों ऐसी है कि अभी किसी भी चुनाव के बारे में नहीं सोचा जा सकता। उन्होंने कहा यह समय अभी मां को श्रद्धांजलि देने का है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी हाई कमान को आश्वासन दिया है कि की हमेशा पार्टी के साथ हूं और प्रचार में भी पूरा साथ दूंगी। उन्होंने कहा कि मां को गए मात्र 16 दिन ही हुए थे कि पिता राज्यसभा की वोट डालने गए थे। उन्होंने कहा कि हम पहले भी पार्टी के साथ थे, आज भी पार्टी के साथ है और आगे भी पार्टी के साथ ही खड़े रहेंगे।

# नपं टाहलीवाल में सरकारी नलों में पानी के साथ आ रहा रेत

**मांग**

पानी के साथ-साथ रेत आने के चलते सेहत खराब होने का भी डर बना हुआ है

**राजन पुरी**

**ऊना: उपमंडल** हरोली के तहत नगर पंचायत टाहलीवाल में जल शक्ति विभाग द्वारा लगाए गए नलकों के पानी से रेत आ रहा है। जिसके चलते स्थानीय दुकानदारों में काफी रोष है। पानी के साथ-साथ रेत आने के चलते सेहत खराब होने का भी डर बना हुआ है। ऐसे में दुकानदारों ने जल शक्ति विभाग से जल्द से जल्द स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। बता दें कि नगर पंचायत टाहलीवाल में इन दिनों जल शक्ति विभाग द्वारा लगाए गए नलों से पानी के साथ-साथ रेत आ रहा है। काफी समय से आ रहे दूषित पानी के चलते दुकानदारों में गुस्सा है। दुकानदारों में सुखविंदर सिंह, रमेश, सुरिंदर नाथ, अमित, सतीश व सुलिंद्र का कहना है कि नलों में पानी के साथ-साथ रेत आने के चलते बीमारी बढने का खतरा है। ऐसे में विभाग को चाहिए जल्द से जल्द स्वच्छ पानी नगर पंचायत टाहलीवाल में उपलब्ध करवाया जाए, ताकि किसी को परेशानी न पेश आए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगाए गए नल से दिन में सैंकड़ों लोग व दुकानदार पानी पीते है। रेतला पानी मिलने से जल शक्ति विभाग लोगों के साथ धोखा कर रहा है और स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।



# 27 से पहले जमा करवाएं बिजली के बिल

**राजन पुरी**

**ऊना: विद्युत** उपमंडल हरोली के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता 27 अप्रैल से पहले बिजली के बिल जमा करवा दें। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल हरोली के एसडीओ सुरेश कुमार ने बताया कि हरोली उपमंडल के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता अपने बिजली के बिलों की बकाया राशि 27 अप्रैल से पहले जमा करवा दें। अन्यथा विभाग कानूनी प्रक्रिया के तहत समय पर बिल न जमा करवाने वालो के बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे।

# 'बाहती समुदाय को आर्थिक और राजनीतिक तौर पर किया जा रहा कमजोर'

**बैठक**

8 विधानसभा चुनावों से पहले दोनों प्रमुख दलों ने जातिय समीकरणों के आधार पर बाहती समुदाय की अनदेखी करते हैं।

**राजन पुरी**

**ऊना: किसान** योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति की बैठक वीरवार को लालसिंगी में इंजीनियर बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति ने बाहती समुदाय की हो रही अनेदखी को लेकर मंथन किया। बैठक के उपरांत समिति ने लालसिंगी में एक जरूरतमंद लडकी को सिलाई मशीन भेंट की।समिति के महासचिव कैप्टन अमरीक सिंह ने कहा कि षड्यंत्र के तहत बाहती समुदाय को आर्थिक और राजनीतिक तौर पर कमजोर किया जा रहा है। कुछ महीने पहले केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को लिखित आश्वासन दिया कि वह किसी भी मंत्रालय में 45 दिन से अधिक बिना रोस्टर अस्थायी भर्ती नहीं करेगी। इस नियम के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश सरकार ने 2001 से लेकर 2007 तक अनिश्चित काल के लिए 10 हजार से अधिक शिक्षकों की अस्थायी भर्ती कर दी। अगस्त, 2020 में प्रदेश सरकार ने इन सभी शिक्षकों को विना रोस्टर नियमित कर दिया। ओबीसी वर्ग को उपरोक्त भर्तियों में 18 प्रतिशत के स्थान पर मात्र 6 प्रतिशत नौकरियां ही मिल पाईं। इस प्रकार ओबीसी वर्ग को 18 प्रतिशत नौकरियां नहीं मिलने से बाहती समुदाय आर्थिक रूप से कमजोर हो चुका है। यहीं नहीं ओबीसी वर्ग को उच्च शिक्षण संस्थानों में राज्य कोटा नहीं देकर प्रदेश सरकार बाहती समुदाय को आर्थिक रुप से कमजोर कर रही है। विधानसभा चुनावों से पहले दोनों प्रमुख दलों ने जातिय समीकरणों के आधार पर बाहती समुदाय की अनदेखी करते हैं। इस प्रकार बाहती समुदाय को प्रदेश में राजनीतिक रुप से भी कमजोर किया जा रहा है। समिति ने लाल सिंगी गांव की जरुरतमंद लडकी को सिलाई मशीन भेंट की। इस अवसर पर हरोली खंड के अध्यक्ष जसपाल चौधरी, सचिव रविंद्र खसरू, ऊना खंड के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### नारी में अवैध शराब सहित एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना ऊना के तहत नारी में पुलिस ने एक व्यक्ति से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम बुधवार रात्रि बाबा डेरा नारी में गशत कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरमेल सिंह निवासी वार्ड नंबर एक अप्पर बसाल की तलाशी ली, जिससे 15 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने पर गुरमेल सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरू रविदास मंदिर का किया शिलान्यास

**राजन पुरी**

**ऊना:** गगरेट क्षेत्र के अभयपुर गांव में श्री गुरु रविदास मंदिर का शिलान्यास किया गया। मंदिर कमेटी सदस्य कुलदीप कुमार ने बताया की एक कार्यक्रम में समाजसेवी विश्वजीत सिंह पटियाल ने श्री गुरु रविदास मंदिर का पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन करके शिलान्यास किया। इस धार्मिक कार्यक्रम के अवसर पर सोहन लाल, ओंकार चंद, सुखराज सिंह, जीत सिंह, सुरेश कुमार व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की

**लुधियाना: भारत के स**बसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन – रियलमी पी–1 प्रो 5जी और रियलमी पी–1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड–रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी।ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी।नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई–फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है, जो यूजर्स को मोहित कर देगा।रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हट्र्ज.एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एमऐएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है।जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट–600 कैमरा, 120हट्र्ज.कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000 एमऐएच की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं,जो मिड–रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे।साथ ही हमने नई पी सीरीज के साथ रियलमी पैड 2, वाई–फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं।हमारा मानना है कि ये स्मार्टफोन और एआईओटी उत्पाद इनोवेटिव और ट्रेंडसेटिंग स्मार्टफोन पेश करने वाले ब्रांड के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। हम इस साल नई पी सीरीज के लॉन्च के साथ फ्लिपकार्ट पर 50 मिलियन बिक्री का आंकड़ा छूना चाहते हैं।

### हिमाचल के कारीगरों और बुनकरों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है फिल्पकार्ट समर्थ

**मंडी: भारत के** आर्थिक परिदृश्य की विविधता में कारीगर, बुनकर और शिल्पकार वो रंगीन धागे हैं, जो राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में इन महिलाओं और सूक्ष्म उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारत के घरेलू ई–कॉमर्स बाजार फ्लिपकार्ट ने उनके सशक्तीकरण और उत्थान के लिए प्रतिबद्धता जताई है। 2019 में लॉन्च किया गया फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम अब अपने 5वें वर्ष में भारत भर के दस लाख से अधिक कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों के लिए आशा और प्रगति की किरण के रूप में खड़ा है।विश्व कारीगर दिवस के अवसर पर फ्लिपकार्ट ने वंचित समुदायों को सशक्त बनाने, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। फ्लिपकार्ट समर्थ ने कार्यक्रम के उल्लेखनीय प्रभाव को उजागर करते हुए पिछले वर्ष व्यवसायों को 300% बढ़ने में मदद की। 50करोड़ से अधिक ग्राहकों को अखिल भारतीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके फ्लिपकार्ट कारीगरों के सपनों को ई–कॉमर्स सेक्टर–के साथ एकीकृत करता है। यह पहल सामाजिक कल्याण के प्रति फ्लिपकार्ट के समर्पण की प्रतीक है।यहां एक ऐसे भविष्य की कल्पना है जहां हर कारीगर की क्षमता का जश्न मनाया जाएगा और उसका पोषण किया जाएगा। रामकली ने हिमाचल प्रदेश में सशक्तीकरण और लचीलेपन की कहानी बुनी है।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और फ्लिपकार्ट समर्थ द्वारा समर्थित उन्होंने वित्तीय आजादी प्राप्त करते हुए ऊनी शिल्प में अपने पारंपरिक कौशल को एक टिकाऊ व्यवसाय मॉडल में बदल दिया।शुरूआत में कुल्लू के छोटे स्थानीय बाजारों तक सीमित, एनयूएलएम और फ्लिपकार्ट समर्थ के साथ उनके सहयोग ने देश भर में बाजार तक पहुंच दी,जिससे उनकी आजीविका में काफी सुधार हुआ।

# क्रिकेट मुकाबले में डोगरा एकादश को हरा हरोट क्लब बनी विजेता

## मुख्यातिथि योगराज जोगी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**राजन पुरी**

**ऊना: उप** तहसील जोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरयालता के गांव बही मैदान में डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के सौजन्य से चल रही पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। समापन अवसर पर समाजसेवी योगराज जोगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डोगरा एकादश व हरोट क्लब की टीम में हुआ। जिसमें हरोट क्लब ने प्रतियोगिता पर विजय हासिल की। मुख्य अतिथि समाजसेवी योगराज योगी ने सभी खिलाडि?ों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल को निरंतर बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम धीरे-धीरे बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

**प्रतियोगिता**

समाजसेवी योगराज जोगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया

उन्होंने युवाओं को क्रिकेट के साथ-साथ मतदाताओं और नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में आगे बढने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृद्ध हो या जवान 1 जून को जरूर करें मतदान। इस मौके पर विवेक शर्मा, प्रधान राकेश धीमान, चंद्रभूषण राणा, रघुवीर सिंह, विक्की शर्मा, राजन ठाकुर, अमित साहनी सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सिरमौर में गेहूं संग्रहण का 3 हजार मीट्रिक टन रखा लक्ष्य

**नाहन: सिरमौर** जिला के मैदानी इलाकों पोंट, धौलाकुआं इत्यादि में गेहूं का अच्छा उत्पादन होता है। इस समय यहां पर फसल पककर तैयार है और गेहूं कटाई का कार्य चला हुआ है। किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को लेकर इस वर्ष खाद्य आपूर्ति निगम ने 3 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पोंटा साहेब आज मंडी से 1800 मीट्रिक टन ॰ धौलाकुआं गेहूं खरीद केंद्र से 1200 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। उप निदेशक कृषि सिरमौर डॉ राजिंदर ठाकुर ने बताया कि गेहूं खरीद के साथ ही एक मई से गेहूं बीज खरीद कार्य भी शुरू किया जायेगा जिसके लिए अभीतक 472 किसानो का पंजीकरण किया जा चूका है।

# छपरोह व टीहरा में नशा मुक्त अभियान को लेकर हुआ कार्यक्रम



**राजन पुरी**

**ऊना:** नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत छपरोह कलां और ग्राम पंचायत टिहरा में वीरवार को हर घर दस्तक अभियान की शुरूआत हुई। इसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार बीहडू कलां अभिराय सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने पंचायत प्रधान, पंचायत मेंबर को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में नशा मुक्त वातावरण बनाने के लिए अलग-अलग तरह की एक्टिविटी करवाना शुरू कर दें। खेलकूद नशे से दूर रखने के लिए अच्छा कदम होगा। इस दौरान नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम ऑफिसर सतपाल रणावत ने ग्राम पंचायत टास्क फोर्स से सीधे संवाद से बातचीत शुरू करते हुए कहा कि पंचायत का लक्ष्य पंचायत का विकास करना तो होता ही है, इसके साथ नशा मुक्त ऊना अभियान की कडी को भी जोड?ा है, जिसकी शुरूआत हमे अपने घर से, अपने गांव से और अपने वार्ड से लेकर पुरी पंचायत में करनी होगी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक सुनीता देवी, ग्राम पंचायत प्रधान सुनीता कुमारी, कमलेश, प्रोमिला शर्मा, सीमा देवी, चंचला देवी, सुदेश कुमारी, प्यारे लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हिमाचल एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनें हुई रद्द

## दिल्ली से चलने वाली यात्रियों को पेश आई ज्यादा दिक्कत

**राजन पुरी**

**ऊना: पंजाब** और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसानों द्वारा रेलवे ट्रेक जाम करने का असर हिमाचल में भी देखने को मिला। हिमाचल के जिला ऊना से चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों की सुविधा वीरवार को रद्द रही। सबसे ज्यादा परेशानी हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों से पेश आई, जिन्होंने पुरानी दिल्ली से ऊना के लिए काफी समय पहले ही ट्रेन की बुकिंग करवाई थी। ऐसे में इन यात्रियों को बस या टैक्सी करके ऊना आना पड़ा।

बता दें कि किसान आंदोलन के चलते दिल्ली से आने वाली हिमाचल एक्सप्रेस को वीरवार के दिन कैंसिल रखा गया, तो ऊना से सहारनपुर व अंबाला आवागमन करने वाली ट्रेन रद्द रही। शुक्रवार को ये ट्रेनें चलेंगी या नहीं इस पर अभी आगामी सूचना तक कुछ पाना मुश्किल है। फिलहाल वीरवार को दिल्ली से आने वाली हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन ऊना नहीं आई, तो ऊना से हरिद्वार एवं अंबाला की ट्रेनों के कैंसिल रहने के चलते यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। ऊना से हरिद्वार के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 04502 भी वीरवार को कैंसिल रही। उक्त पैसेंजर ट्रेन 2:10 बजे ऊना रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करती है और 5:40 बजे अंबाला, 7:20 बजे सहारनपुर व रात्रि 9 बजे हरिद्वार पहुंचती है। वहीं अंब-अंदौरा से अंबाला को प्रतिदिन चलने वाले पैसेंजर ट्रेन संख्या 04594 कैंसिल रही। ट्रेन 3 बजे अंब-अंदौरा व 3:35 से ऊना रेलवे स्टेशन से चलती है। जोकि साढ़े 6 बजे चंडीगढ़ व 7:25 बजे पर अंबाला पहुंचती है, जो वीरवार को रद्द रही। वहीं पुरानी दिल्ली से ऊना को चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14053 भी कैंसिल रही। पुरानी दिल्ली से हिमाचल एक्सप्रेस रात 10:50 मिनट पर चलती है। जोकि करीब आठ घंटे के सफर के बाद अंबाला से होते हुए 6:40 मिनट बजे ऊना जबकि 7:35 बजे मिनट पर दौलतपुर चौक पहुंचती है। इन ट्रेनों के वीरवार को कैंसिल रहने के चलते दौलतपुर चौक, अंब अंदौरा, ऊना से अंबाला, दिल्ली, हरिद्वार आदि स्टेशन को सफर करने वाले यात्री परेशान हुए। उधर रेलवे स्टेशन ऊना के अधीक्षक रोदाश सिंह ने बताया कि हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन किसान आंदोलन के चलते स्थगित रही हैं। शुक्रवार को ट्रेनें चलेगी या नहीं, इसको लेकर अभी कोई सूचना नहीं मिली है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन

**शिमला**

**लोकसभा** चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन वीरवार को यहाँ उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के कुल 1058 मतदान केंद्रों में तैनात किये जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 7231 कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में कर्मियों के डाटा को मिक्स करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया और अंत में उसे लॉक कर दिया गया। इसके पश्चात कर्मियों की चुनाव ड्यूटी कहाँ लगी है और कहाँ उनकी रिहर्सल होनी है, इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल 2024 से रिहर्सल आरम्भ हो रही हैं जिसके अनुसार जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 24 अप्रैल को ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में होगी और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 25 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली के सभागार में दो बैच में होगी। इसी प्रकार, चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को तहसील ग्राउंड चौपाल तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को राजकीय आईटीआई ग्राउंड ठियोग स्थित जैस में होगी। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में और शिमला विधानसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में होगी।

# भाजपा को नहीं मिलेगा दुष्प्रचार का कोई भी राजनैतिक लाभ : प्रतिभा

**शिमला**

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा जितना भी दुष्प्रचार कर ले उसे इसका कोई भी राजनैतिक लाभ नहीं मिलने वाला। उन्होंने भाजपा को याद दिलाया है कि जब कर्मचारी ओपीएस की मांग को लेकर सड़को में थे तो उस समय उनके मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उन्हें पेंशन लेने के लिये चुनाव लड़ने को ललकारा था। प्रतिभा सिंह ने वीरवार को एक बयान में कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कर्मचारियों के दय भते भी नही दिए गए। प्रदेश सरकार पर 70 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज व 12 हजार करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को भाजपा से विरासत में मिली है। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए देने की कांग्रेस की गारंटी का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग ने भी लाहौल स्पीति की महिलाओं को 1500 की सम्मान निधि जारी रखने को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को यह राशि प्रदान करने को पूरी तरह बचनबद्ध है।

# हिम्पा उद्योग में बताएं आग से बचाव के तरीके



**राजन पुरी**

**ऊना: उपमंडल** हरोली के तहत टाहलीवाल स्थित हिम्पा उद्योग में वीरवार को फायर चौकी टाहलीवाल के कर्मियों ने स्टॉफ व मजदूरों को आग से बचाव बारे जानकारी दी। चौकी इंचार्ज सुनील दत्त ने बताया है कि हिम्पा उद्योग टाहलीवाल में कार्यरत स्टाफ व मजदूरों को आग से बचने के लिए जनकारी दी गई। उन्होंने बताया है कि अगर उद्योग में आग लग जाए, तो उसके क्या क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग में आग लगने पर भगदड़ न बचाकर सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता ढूंढना चाहिए। इस दौरान दमकल कर्मियों ने आग से बचाव के गुर सिखाए। इस अवसर पर हरमेश चंद, निर्मल सिंह व यशवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

न्यूज फ्लैश

## हिस्ट्री टीवी 18 ने एडोल्फ हिटलर के आखिरी क्षणों के पीछे के सच को किया उजागर

**नई दिल्ली।** एडॉल्फ हिटलर के जन्म दिवस पर हिस्ट्री टीवी 18 शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को रात 9:00 बजे हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीजः द हंट फॉर हिटलर के प्रीमियर के साथ एक विशेष खोजी




कार्यक्रम का अनावरण करने जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में, अप्रैल में ही हिटलर की कथित आत्महत्या की खबर आई थी। यह कार्यक्रम उनकी मृत्यु की उस पारंपरिक कहानी को चुनौती देता है और उनके आखिरी क्षणों के पीछे के सच को जानने के लिए एक मनोरंजक यात्रा पर निकलता है। यह कार्यक्रम सच खोजने के अथक प्रयास से दर्शकों को बांधे रखने और 20वीं सदी के एक सबसे बड़े रहस्य पर नई रोशनी डालने का वादा करता है।

अधिकांश इतिहासकारों और सरकारों के बीच प्रचलित सिद्धांत यह है कि एडॉल्फ हिटलर ने द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी संघर्षों के दौरान अपना अंत कर लिया था, कथित तौर पर बर्लिन के एक बंकर में खुद को गोली मार ली थी। हालांकि, दशकों पुरानी शंकाएँ और प्रश्न अब तक अनुत्तरित हैं, वजह ये कि उसका शव कभी मिला ही नहीं, जो इस अटकल को बल देता है कि इस नाजी नेता ने अपनी मौत का नाटक किया और पकड़े जाने से बच गया। हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीजः द हंट फॉर हिटलर इन अनिश्चितताओं का सीधे सामना करने की हिम्मत करता है और दर्शकों के सामने अपनी खोज रखता है, ताकि वे सोच-समझकर स्वयं तय कर सकें कि क्या हिटलर बच निकला था और कभी सामने न आने के लिए गायब हो गया था? सावधानीपूर्वक शोध, विशेषज्ञ विश्लेषण, और अभिलेखीय फुटेज और दस्तावेजों तक विशेष पहुँच के साथ षड्यंत्र के सिद्धांतों और ऐतिहासिक अभिलेखों की जाँच कर-के यह खोजी कार्यक्रम हिटलर के गायब होने की पहेली को सुलझाता है। जब उसकी मृत्यु की खबर फैली थी तब वहाँ कोई शव नहीं मिला था, और अलग-अलग प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के साथ हिटलर के अंतिम क्षणों का सवाल इतिहासकारों के सामने चुनौती बना हुआ है। कई नाज़ियों द्वारा इस्तेमाल किए गए गुप्त रास्तों से लेकर दुनिया भर में हिटलर के कथित रूप से देखे जाने तक, यह कार्यक्रम सच की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ता, और एक ऐसे रहस्य पर प्रकाश डालता है जिसने कई पीढ़ियों से दुनिया को चकित किया हुआ है। एक और भी चौंकाने वाला दावा यह पड़ताल करती है कि क्या कोई हमशक्ल असली हिटलर की जगह काम कर रहा था, और क्या असली हिटलर कई हत्या के प्रयासों में से एक के दौरान पहले ही मर चुका था?

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**पानीपत।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। कैंपेन के बारे में बात करते हुए श्री नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा, बांगुर सीमेंट का वोट सोलिड देश सोलिड कैंपेन और वोट का वचन शपथ, हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट . पर वोट का वचन के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

# जनता की सेवा करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी सरकारः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी। मैं आपका अपना मनोहर लाल आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। आपके क्षेत्र की समस्याएं हल करने की बात हो, कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की बात हो जब तक शरीर में जान है तब तक मनोहर लाल जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेगा। मनोहर लाल पानीपत में आयोजित कलस्टर जनसभा




को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मनोहर लाल को जोरदार स्वागत किया गया। मनोहर लाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था। भाजपा सरकार ने उसे खत्म किया। लाखों रुपए देकर लोगों के काम होते थे। अब बिना पैसे के लोगों के काम पारदर्शिता से हो रहे हैं। अब पर्ची और खर्ची नहीं चलती। मेरिट और योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। सरकार हर वर्ग का ख्याल रखकर काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। जनता को योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। मनोहर लाल ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अवैध कालोनियों को वैध किया ताकि लोग वहां चैन से रह सकें और उन्हें हर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि साढे 9 साल प्रदेश की जनता की सेवा की है और अब वह सेवा मुख्यमंत्री नायब सैनी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कुर्सी की होड लगी रहती है लेकिन यह भाजपा के संस्कार नहीं हैं। भाजपा में हर कार्यकर्ता को मौका मिलता है और बडी से बडी जिम्मेदारी कब मिल जाती है पता नहीं चलता। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र जनहितैषी पार्टी है जिस कारण आज भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। जनता ने नरेंद्र मोदी के लाइसेंस को रिन्यू करने का मन बना लिया है। जनता का मन है कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। जनता 400 पार के नारे को पूरा करेगी और करनाल लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालेगी।

## एसडीएम ने किया सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**
**एसडीएम संजीव कुमार** ने आज सतनाली अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में फसल बेचने आए किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अधिकारी मंडी में बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का विशेष ध्यान रखें। अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। सतनाली अनाज मंडी में हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ से खरीद की जा रही है। यहां अभी तक 55756 क्विंटल सरसों की आवक हुई है। 2335 क्विंटल सरसों का उठान हुआ है।

## रक्तदान महादान है, समय- समय पर करना चाहिएः जोगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः एसआरके स्कूल सेंटर** के छात्रों ने आईटीएम कॉलेज मुरथल में लगे रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के विद्यार्थी अनिल कुमार ने रक्तदान करके रक्तदान महादान का नारा लगा दिया। कैंप में लगभग 65 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर एसआरके



स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र राजपूत, आईटीएम कॉलेज के अध्यक्ष सुषमा बजाज बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। जोगेन्द्र ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन रोटरी सोनीपत सिटी ब्लड सेंटर द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय- समय पर रकतदान करते रहना चाहिए।

## स्कूल बस हादसे में स्कूल चेयरमैन को किया कोर्ट में पेश

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।**
**कनीना में पिछले बृहस्पतिवार** को उन्हानी के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने जी एल स्कूल के चेयरमेन राजेंद्र सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया था जिसको बृहस्पतिवार को कनीना न्यायालय में एसडीजेएम मेनका सिंह में की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया इस बारे में जानकारी देते हुए कनीना के उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने स्कूल चेयरमैन का 8 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था कोर्ट ने 5 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया जिसमें उनसे आवश्यक दस्तावेज व अन्य जानकारियां जुटाना है इसके अलावा स्कूल के डायरेक्टर सुभाष यादव की अभी



गिरफ्तारी नहीं हुई है वह फरार चल रहा है जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीम लगी हुई है उन्होंने कहा कि उसको भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा इसके अलावा इस मामले में आवश्यक हुआ तो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सिंह को छुपाने के आरोपी की भी जांच किए जा रही है इसमें भी कोई आदमी शामिल मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी काबिले गौर है कि घटना के 8 दिन बाद स्कूल चेयरमैन कोर्ट में पेश हुए हैं पिछले बृहस्पतिवार को प्रातः घटना घटी थी और आज बृहस्पतिवार को न्यायालय में उनका पेश किया

**बृहस्पतिवार को भी स्कूल में नहीं पहुंचा एक भी छात्र**

बस दुर्घटना के 8 दिन बाद भी जी एल पब्लिक स्कूल में एक भी छात्र शिक्षा ग्रहण नहीं करने पहुंचा । जबकि स्कूल प्रशासक जिला नगर योजनाकार महावीर प्रसाद के दिशा निर्देश अनुसार स्कूल में अध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित हो रहा है इसमें मुख्य कारण परिवहन सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है ।

## उपायुक्त ने बाल ग्राम की बेटियों अंजलि-रजनी का कन्यादान कर दिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई-सोनीपतः**
**बाल ग्राम में पली-बढ़ी** बेटियों अंजलि व रजनी को विवाह सूत्र में बांधते हुए पिता के रूप में उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कन्यादान किया। उन्होंने दोनों बेटियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बाल ग्राम राई में गुरूवार का दिन बेहद खास रहा। मौका था बाल ग्राम की दो बेटियों के विवाह का, जिसमें स्वयं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अपनी धर्मपत्नी डा. निधि सहित शामिल होकर पूर्ण विधि-विधान के साथ सभी रस्मों को पूरा करवाया। उन्होंने बारात का स्वागत करते हुए वर पक्ष से भेंटवार्ता



करते हुए कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों को अपनी बेटियों के रूप में परिवार में स्थान दें, ताकि उनका आगामी जीवन सुखमय रहे। उपायुक्त ने कहा कि बाल ग्राम की बेटियां सर्व समाज की बेटियां हैं, जिनके स्वर्णिम भविष्य के लिए सबको अपना आशीर्वाद देना चाहिए। हमने बेटियों को शिक्षित और संस्कारवान बनाया है। कुदरत ने इन्हें जो नहीं दिया वह सब उन्हें यहां देने का प्रयास किया गया है। एक परिवार की भांति बेटियों का पोषण किया गया। अब आशाएं हैं कि उनका भविष्य बहुत बेहतरीन गुजरे, जिसमें किसी प्रकार का अभाव न रहे। उन्होंने हरदीप व मोनू को भी विशेष रूप से बधाई दी। बाल ग्राम की बेटियों ने भी खुद को सौभागयशाली बताया जो उन्हें उपायुक्त डा. मनोज कुमार का आशीर्वाद मिला। अंजलि व रजनी का कहना था कि उपायुक्त ने सदैव ही उन्हें हर सुख-सुविधा प्रदान की है। पारिवारिक माहौल देते हुए बेटियों को जीवन में आगे बढ? के लिए प्रोत्साहन दिया है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने भी दोनों बेटियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि अंजलि का विवाह हरदीप पुत्र इंतजार सिंह तथा रजनी का विवाह मोनू पुत्र नरेंद्र के साथ हुआ है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी तथा नगराधीश पूजा कुमारी ने भी दोनों नव-विवाहितों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिन्होंने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इनमें विशेष रूप से धीरज चौधरी, लवनीश चौधरी, राहुल शर्मा, सीडीपीओ गीता गहलावत आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या अवगत कराने का लिया निर्णय

**गन्नौर। हरियाणा मास्टर** वर्ग एसोसिएशन राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र यादव ने की। राज्य के प्रधान अनंत पाल नैन व समस्त कार्यकारिणी तथा सभी जिलों के प्रधान व महासचिवों ने भाग लिया। प्रांतीय सलाहकार भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि मीटिंग का मुख्य मुद्दा टीजीटी और मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक की कंबाइंड सीनियरिटी लिस्ट बना करके सी एंड वी को टेल पर लगाने की बात कही गई, जिसमें पता चला कि विभाग के कुछ अधिकारी नियमों को ताक पर रख रहे हैं। इनके खिलाफ शिक्षा मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा। मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक व टीजीटी के साथ सरासर अन्याय कर रहे हैं जो कि नियम के विरुद्ध है। हमारी यूनियन लंबे समय से टीजीटी व एलिमेंट्री स्कूल हेडमास्टर की मांगों के हेतु संघर्ष करता रहा है। आज यह वर्ग सरकार की उदासीन नीतियों की वजह से परेशान है। एसीपी के मामले लंबे समय से पेंडिंग पड़े हैं। उनका कोई समाधान नहीं निकला है। टीजीटी से पोस्ट ग्रेजुएट टीचर प्रमोशन नहीं करने पर अध्यापकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एल टी सी का बजट भी अभी नहीं मिला है और हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव चाहती है। सुबह 7-00 से 1-00 बजे स्कूलों का समय होना चाहिए ताकि बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके। इस बैठक में रमेश पूनिया, सुरेंद्र सिंह यादव, भगवान सिंह सौरोत, नवल किशोर बघेल, रविदत्त जोशी ,राकेश नरवाल, रमेश राणा, अमित गुप्ता, राकेश चनैटी , दिलावर सिंह, रामदास आर्य, राजेंद्र कुमार शर्मा ,राजेश भाटी ,दीपक कुमार ,जयवीर दहिया, पंकज,तरुण कौशिक, सुकरमपाल, समर देशवाल सभी ने अपने विचार रखे तथा जल्द ही शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मास्टर वर्ग की समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया।

## एसपी ने पुलिस लाइन लाइब्रेरी का लिया जायजा, उपयोगी पुस्तकें की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल। पुलिस अधीक्षक** अर्श वर्मा ने पुलिस लाइन परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस परिवार के छात्रों एवं छात्राओं के अध्ययन के लिए पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे। यहां अध्ययन हेतु छात्र-छात्राओं को नवीनतम पाठ्य पुस्तक भी उपलब्ध करवाई गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने



लाइब्रेरी में किताबें भेंट की हैं। पुलिस लाइन नारनौल स्थित लाइब्रेरी में बैठकर पुस्तक पढ़ने में मन लगे, इस प्रकार से लाइब्रेरी को तैयार किया हुआ है। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की किताबें रखी हुई हैं।

## पहली 21 हजार रुपए की कुश्ती रही संजय जैलाफ के नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौलः मिजार्पुर-बाछौद की** बणी में बाबा ठाडेसर के वार्षिक मेले में अनेक प्रतियोगिताएं हुई। मेला कमेटी के सदस्य कृष्ण कुमार ने बताया कि मेले में नेशनल स्टाइल कबड्डी, वॉलीबॉल शूटिंग एवं कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताएं हुई । मेले में दाल बूटी व कढ़ी बाजरे का भंडारा बैध बिरेंद्र पुत्र वेदप्रकाश की तरफ से हुआ। ओपन कबड्डी में प्रथम साई ए सोनीपत को 51 हजार व द्वितीय अर्जुन स्टेडियम को 41 हजार



रुपए का पुरस्कार का दिया गया। इसके अलावा अंडर 14 कबड्डी में जींद अर्जुन स्टेडियम प्रथम टीम को 11 हजार व द्वितीय पाथेड़ा को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। बाछौद के सरपंच संजय बागड़ी, मिजार्पुर के दिलबाग सिंह, मेला कमेटी प्रधान चंद्रमण शर्मा, मास्टर कालूराम ने विजेता खिलाडि?ों को पुरस्कृत किया। मेले में कोच के रूप में अजय यादव, विक्रम नसीबपुर, विक्रम धन्नौदा कुश्ती कोच शुभजोन सिंह ने अच्छे जोड़े मिलाये।

डिप्टी कमांडेंट अमर सिंह कोच व मोरमुकुट ने मेले में विशेष भूमिका निभाई, कॉमेंटेटर सोनू टाकड़ी रहे। कामड़ा कुश्ती 21 हजार रुपए की संजय जैलाफ के नाम रही। 11 हजार की कुश्ती कृष्ण बिलासपुर ने अंकित गांधरे वाले को हरा कर जीती। 5100 रुपए की कुश्ती प्रदीप धारेडू ने जैलाफ के विकास को हराया।

## श्री गुलजारीलाल नंदा केंद्र में वैचारिक संवाद गोष्ठी आयोजित

**एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्री गुलजारीलाल** नंदा नीति शास्त्र, दर्शन शास्त्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को प्रथम वैचारिक संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर शुचिस्मिता ने केंद्र के गौरवपूर्ण अतीत, परंपरा एवं भावी योजनाओं की रूपरेखा रखते हुए सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया। दुर्गा अष्टमी के दिवस पर आयोजित वैचारिक संवाद के अन्तर्गत केंद्र को कुरुक्षेत्र नगर एवं नंदा जी की गरिमा के अनुरूप विकसित करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने



केंद्र को भविष्य में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप विकसित करने की संकल्पना व्यक्त की। इसके अंतर्गत यह निश्चय किया गया कि शीघ्र ही यहां पर बच्चों के लिए आउटडोर खेल एवं समय-समय पर विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित 48कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा एवं समाजसेवी विजय सबरवाल ने सुझाव दिए कि यहां के पुस्तकालय को भारत सरकार के संस्कृति के मंत्रालय के सहयोग से

**संवाद**

**8 परंपरा एवं भावी योजनाओं की रूपरेखा रखते हुए सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया**

विकसित किया जाना चाहिए ताकि शहर एवं देश विदेश के अधिक से अधिक बुद्धिजीवी एवं शोधार्थी यहां पर विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श कर सकें। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र राणा, डॉ गुरचरण सिंह, डॉ रामचंद्र एवं डॉ. हरविंदर लोंगोवाल ने भी केंद्र को विकसित करने के लिए नन्दा जी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री, राष्ट्रीय संगोष्ठी, पत्रक एवं जीवन गैलरी तथा संवाद केंद्र में मासिक परिचर्चा के आयोजन करने के सुझाव दिए।केंद्र की निदेशिका प्रोफेसर शुचिस्मिता ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सहयोग से शीघ्र ही केंद्र को सक्रिय एवं ऊर्जावान संस्थान के रूप में विकसित करने तथा सभी विचारित विषयों के क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

इस अवसर पर राजेश जोशी, अमन शर्मा, कार्यकारी अभियन्ता पंकज शर्मा सहित अनेक प्रबुद्ध जन इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## यू.पी.एस.सी. फतह करने वाले आकाशदीप ने बढ़ाया क्षेत्र का मानः माईराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः भाजपा नेता माईराम** कौशिक व गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने यू.पी.एस. सी. में 166वां रैंक प्राप्त करने वाले गन्नौर के शास्त्री नगर निवासी आकाशदीप व उनके परिजनों से भेंट कर कहा कि आकाशदीप ने शानदार उपलब्धि प्राप्त कर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने आकाशदीप की कामयाबी का श्रेय आकाशदीप के पिता व अन्य परिजनों को दिया। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, भगतसिंह, मनदीप सिंह आदि मौजूद थे। ज्ञात रहे कि आकाशदीप ने 5वें



प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढ़ाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। आकाशदीप ने मंडी हिमाचल प्रदेश से आईआईटी से बी टेक की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पैट्रोलियम में बतौर आप्रेशन आफिसर नियुक्ति हुई, लेकिन 4 महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया था।

## संपादकीय

# सही नीति और साफ नीयत से खत्म होगी गरीबी

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो हम एक झटके में देश से गरीबी खत्म कर देंगे। राहुल गांधी के बयान देने के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया शहर में एक चुनावी रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के शाही जादूगर कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा। 50 साल पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन हुआ क्या? अब राहुल गांधी यह बोलकर गरीबों का अपमान कर रहे हैं, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं। राहुल ने गरीबी हटाने का बयान मोदी सरकार को घेरने के लिए दिया था, लेकिन लगता है कि उन्होंने ये बयान देकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। भाजपा राहुल गांधी को कांग्रेस के पांच दशक से ज्यादा के शासन की याद दिला रही है। केंद्र और देश के ज्यादातर राज्यों में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने शासन किया। उस कालावधि में गरीबों, किसानों, श्रमिकों, आदिवासियों, वनवासियों और वंचितों के कल्याण और विकास के लिए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार को करना चाहिए था, वो किया नहीं गया। जिसका नतीजा यह है कि आज आजादी के 75 वर्षों बाद आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी का दंश झेल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में गरीबी हटाओ के नारे को भुनाया। चुनाव प्रचार में उन्होंने यह कहते हुए आमजन की हमदर्दी बटोरी, वो कहते हैं इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। विरोधियों ने गरीबी हटाओ के जवाब में नारा दिया, देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन, पी गई तेल। लेकिन वह काम नहीं आया। पांचवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस ने चुनाव में दो तिहाई सीटें हासिल की। गरीबी हटाओ उन बिरले नारों में से था, जिसने उसे गढ़ने वाले को चुनाव में बड़ी सफलता दिलाई। उसके बाद कांग्रेस करीब 40 से अधिक समय तक सरकार में रही लेकिन उनकी नीति और नीयत ठीक नहीं थी और गरीबी दूर नहीं हुई। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और घोटालों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को जो मिलना चाहिए था, वो कभी मिला नहीं। 1971 के जनगणना के मुताबिक भारत में उस वक्त करीब 54 करोड़ आबादी थी, जिसमें से 57 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे। देश में 66 फीसदी लोग अनपढ़ थे। ग्रामीण से ज्यादा शहरी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रही थी। लम्बे वक्त तक इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं, लेकिन गरीबी के स्तर पर कोई सुधार नहीं देखने को मिला। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और फिर मनमोहन सरकार तक गरीबी हटाओ के नारे के साथ सिर्फ चुनाव ही जीतती रही हैं। गरीबों के उत्थान और उनके कल्याण के लिए कांग्रेस सरकारों ने कभी गंभीरता के साथ कोई कार्यक्रम नहीं चलाए. यही वजह है कि कांग्रेस सरकारों के दौरान देश के करोड़ों लोग गरीबी और महंगाई के कुचक्र में फंसे रहे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभालने के बाद देश के गरीबों के कल्याण के लिए काम करना शुरू कर दिया। सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सीधे गरीबों तक पहुंचाया। उनकी कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं ने गरीबों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

# भाजपा का घोषणा पत्र आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प

**रोहित माहेश्वरी**

> "हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें। घोषणापत्र जारी होने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं"

**भारतीय** जनता पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। इस घोषणा पत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर मोदी की गारंटी का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने



वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वादों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। संकल्प-पत्र के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वादे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है, लेकिन भाजपा इस मामले में चुप दिखती है। राजनीतिक विषलेषकों के अनुसार भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन, देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वादों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वादों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती।हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें। घोषणापत्र जारी होने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है।

## कविता

### ताली की आस

बहुत दिनों के बाद अपने दोस्त से
मैं जैसे ही मिला,
उनका चेहरा कैक्टस के फूल की तरह खिला,
बोले यार आजकल क्या करते हो,
कभी कभार इधर पांव धरते हो,
अच्छा बता,
आजकल के लोग
उल्टे कार्य ही क्यों करते हैं,
धोखा खाने के बाद भी
नेकी की राहों पर नहीं चलते हैं,
औरों की कमाई पर उछलते मचलते हैं,
और दूसरों की छाती पर ही
क्यों मूंग दलते हैं,
मैं बोला-अरे यार पहले ये बता कि
मुझसे सवाल पूछ रहे हो,
या फिर थोड़ा पानी डाल
आटे के साथ मुझे गूंथ रहे हो,
अरे ये सब तो आजकल का रिवाज है,
पहले ऐसा करना
एक भयंकर रोग माना जाता था
अब तो ये लोगों को भाने वाला
मीठा मीठा प्यारा दाद खाज है,
अरे ये आज का युग है
कुछ भी किया जा सकता है
बस दिल में हौसला जगा,
दोस्त बोला भई इतना आत्मविश्वास
तो ठीक है किसी गंजे के सिर पर
चल बाल उगा के दिखा,
मैं बोला तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं
मगर चल पहले गंजा होके बता

राजेन्द्र लाहिरी

## प्लीज अदला-बदली मत कीजिएगा

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**सरिता जब** भी श्रेया को देखती, उसके ईर्ष्या भरे मन में सवाल उठता, एक इसका नसीब है और एक उसका। क्या उसका नसीब उसे नहीं मिल सकता?

सरिता के छोटे से फ्लैट की बालकनी से श्रेया का भव्य बंगला बहुत सुंदर दिखाई देता था। वह जब भी पति के साथ मोटरसाइकिल से निकलती, श्रेया के बंगले की पार्किंग एरिया में खड़ी बीएमडब्ल्यू पर नजर उसकी नजरें चिपक जातीं। अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए श्रेया खुले हाथों से पैसे खर्च करती थी। ट्रिम किए बाल, नियमित फेशियल, पेडिक्योर, मेनिक्योर, सब कुछ संपूर्ण। सिर से ले कर पैरों तक सब कुछ व्यवस्थित और सुंदर। जबकि सरिता के मर्यादित बजट में यह सब कहां से हो पाता। उसके बिखरे बाल, उसमें बीच-बीच में सफेद बाल। वह मेहंदी तो लगाती थी, पर कभी समय न मिलता तो काले बालों के बीच सफेद बाल झांकने में बिलकुल पीछे नहीं रहते थे। साग-सब्जी काटते-काटते हाथों की अंगुलियो की चमड़ी खुरदुरी हो गई थी। खुद बर्तन मांजने से नाखूनों का रंग और आकार अजीब हो गया था।

अगर श्रेया के यहां की तरह उसके यहां भी नौकरों की फौज होती तो उसका भी सिर से ले कर पैरों तक अलग ही नक्शा होता। पर उसके भाग्य में तो कुछ और ही था। कहां श्रेया के डिजाइनर कपड़े और कहां उसके साधारण कपड़े, इस्त्री किए कपड़े पहनने का आनंद ही कुछ और होता है, घंटो इस्त्री पकड़ने वाले सरिता के हाथ उससे कहते। रविवार को किसी ठेलिया पर चाट-पकौड़ी या समोसे-कचौड़ी खा कर लौटते हुए सरिता यही सोचते हुए अपार्टमेंट की सीढ़ियां चढ़ रही होती कि बीएमडब्ल्यू में फाइवस्टार होटल की लज्जत ही कुछ और होती है।

श्रेया का शरीर हमेशा सोने और हीरों के गहनों से सजा होता था। समय समय पर वे बदलते रहते थे। जैसे कपड़े, वैसे आभूषण। जबकि सरिता को विवाह के समय जो मंगलसूत्र मिला था, वही एक महत्वपूर्ण गहना था। सोना खरीदने की औकात नहीं थी, इसलिए चांदी पर सोना चढ़वा कर दिल को संतोष मिल जाता था। पर श्रेया को देख कर सरिता के दिल का संतोष लुप्त हो जाता और मन ईश्वर से एक ही सवाल पूछता, श्रेया का भाग्य उसे नहीं मिल सकता क्या?

और अगर मिल जाए तो... तमाम मेघधनुषी सपने आंखों में तैरने लगते। शाम को जब पड़ोस में रहने वाली हिमांशी ने बताया कि सामने वाले बंगले में रहने वाली श्रेया को ब्लड कैंसर है और लास्ट स्टेज में है। तब से सरिता भगवान से यही प्रार्थना कर रही है कि उसके भाग्य में जो है, वही ठीक है। प्लीज अदला-बदली मत कीजिएगा।

## विचार

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले

**राकेश**

**अठारहवीं** लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है। आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है । इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है. पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# क्या कांग्रेस को लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले

**आर.के. सिन्हा**

**लोकसभा** चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477,1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2029 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बाहदुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी क आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी को जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े झटुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं।

## सोना खराहै कि खोटा

**हम सभी भा**रतीय हैं और भारतीयों का सोने के प्रति अतिरिक्त मोह अभी अभी पैदा नहीं हुआ है। यह सदियों सदियों से भारतीयों में रहा है और रहेगा। जी हां, हम सोने की (गोल्ड) बात कर रहे हैं, नींद वाले सोने की नहीं। हाल ही में अप्रैल में ही गोल्ड साढ़े तिहत्तर हजार प्रति तौला के हिसाब से आलटाइम हाई रेट पर बिका। खैर जो भी हो, अलग-अलग लोगों के लिए सोने का मतलब भी अलग-अलग है। मसलन महिलाओं के लिए सोने का मतलब गोल्ड से है। लोहे का काम करने वालों के लिए लोहा ही सोना है। सब्जी वाले के लिए सब्जियां, कपड़े का व्यापार करने वालों के लिए कपड़ा, किसानों के लिए खेतों में पैदा होने वाली सारी फसलें, मजदूर के लिए मजदूरी, विद्यार्थी के लिए परीक्षा परिणाम और नेताओं के लिए वोटर्स ही सोना हैं। हमारे जैसे लेखकों के लिए लिखना ही सोना है और सोने(नींद लेने वालों) वालों के लिए सोना(नींद लेना) ही सोना है। कुल मिलाकर सोने की कहानी बड़ी अजब-गजब है। अब कोई कच्चे तेल को काला सोना कहते हैं तो किसान कोटन को सफेद सोना कहते हैं।

वैसे चाय हरा सोना कहलाती है तो केसर लाल सोना। सोयाबीन पीला सोना कहलाती है तो पानी नीला सोना कहलाता है। शैवाल की खेती को हरा सोना कहा जाता है तो नीलगिरी और देवदार के पेड़ों को ब्राऊन सोना कहा जाता है। वैसे तंबाकू को भी ब्राऊन सोना कहा जाता है। अब आप ही बताइए कोई बालीवुड में हीरोइनों के बालों को सोना कहता है तो कभी आशा भौंसले और मोहम्मद रफी जी इस सोना को लेकर गुनगुनाते हैं -ओ मेरे सोना रे सोना रे...। अब कोई सिगरेट के नाम के आगे गोल्ड लगाता है तो कोई मेडल के आगे। कोई सोने को खरा कहते हैं तो कोई खोटा।

बहरहाल, सच बात तो यह है कि सोना आदमीजात को हमेशा हमेशा से कंफ्यूज करता आया है। और आपको तो पता ही है कि कन्फ्यूज्ड आदमी को कभी भी नींद नहीं आती है। मतलब कि उसे सोना नसीब नहीं हो सकता है। वैसे गोल्ड वाला सोना आदमी की नींद उड़ाता है तो सोने वाला (नींद वाला) सोना आदमी को सुकून देता है। एक सोने(गोल्ड) को लोकर में रखना पड़ता है तो दूसरा सोना (नींद) जब आदमी के पास होता है तो घोड़े बेचकर सोता है।

# जानिए क्यों जरूरी है लिवर हमारे शरीर के लिए

WHO की मानें तो लीवर की बीमारी भारत में मौतों की 10वीं सबसे बड़ी वजह है। यह हमारे शरीर का सबसे बड़ा अंग है और एक फैक्टरी की तरह काम करता है, जहां हम जो भी खाते हैं, वो प्रोसेस होता है। यह हमारे खाने के जरिए शरीर में पहुंचने वाले ग्लूकोज, फैट, वगैरह को प्रोसेस करता है। इसलिए यह हमारे शरीर का सबसे जरूरी अंग है, जो खाने को पचाने में मदद करता है। लिवर को जिगर या यकृत भी कहते हैं। 19 अप्रैल को World Liver Day के मौके पर आइए जानते हैं लिवर की सेहत के बारे में कुछ जरूरी बातें



मोटापे और डायबिटीज जैसी लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का सबसे ज्यादा असर लिवर पर पड़ता है। इससे फैटी लिवर होने का खतरा भी बढ़ जाता है, जो लिवर के डिसफंक्शन और लिवर सिरोसिस का कारण बनता है। अगर आप डायबिटीज या हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं के शिकार हैं, तो उन्हें लेकर सतर्क होना बेहद जरूरी है। डायबिटीज पर सख्त नियंत्रण बेहद जरूरी है, ताकि शुगर लेवल हाई होने की वजह से लिवर को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

**आपका** खानपान ऐसा होना चाहिए, जिससे मोटापे या डायबिटीज के खतरे को कम किया जा सके। इसलिए फ्रीइड या फास्ट फूड का सेवन बेहद सीमित मात्रा में करना चाहिए।

**अधिक** मात्रा में शराब का सेवन लिवर के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। 10 से 20 साल तक अधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है।

**स्मोकिंग** से भी लिवर को काफी नुकसान पहुंचता है। धूम्रपान करने वालों में लिवर कैंसर के मामले अधिक देखने को मिलते हैं। सिगरेट में मौजूद तत्व कार्सोजेनिक (कैंसर कारक) होते हैं। इस मामले में पैसिव स्मोकर्स पर भी बराबर का खतरा होता है।

**लिवर** की बीमारी के अस्पष्ट कारणों में मितली लगना, भूख खत्म होना और वजन घटना शामिल है। लिवर बिगड़ने का सबसे शुरुआती लक्षण जॉनडिस या पीलिया होता है। हालांकि कभी-कभी लिवर डैमेज के लक्षण में जॉनडिस नहीं भी होता है। लिवर की सेहत पर नजर रखने के लिए liver function test कराने की सलाह डॉक्टर अक्सर देते हैं। आप चाहें तो साल में एक बार या कम से कम दो बार ब्लड टेस्ट कराकर लिवर को हो रहे नुकसान का पता लगा सकते हैं।

# अनाज में जिंक की कमी से बढ़ रहा डायरिया, मलेरिया और निमोनिया का खतरा



जलवायु परिवर्तन से अनाज में जिंक (जस्ता) की मात्रा तेजी से घट रही है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ रहा है। अध्ययन में दावा किया गया है कि अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन के कारण अनाज में जिंक कम हो रहा है। जिंक की कमी से डायरिया, मलेरिया तथा निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है। जिंक शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को दुरुस्त भी बनाए रखता है। मैथ्यू स्मिथ, अश्विनी छत्रे, सुपर्णा घोष और सैमुअल एस. म्येर्स द्वारा भारत पर किए गए अध्ययन के अनुसार, वर्ष 1983 में देश में जिंक की कमी के शिकार लोगों का प्रतिशत 17 था, जो 2012 में बढ़कर 25 फीसदी तक पहुंच गया। इसका मतलब यह हुआ कि इन तीन दशकों में 8.2 करोड़ और लोग जिंक की कमी के शिकार हुए।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2050 तक पांच फीसदी और भारतीय आबादी जिंक की कमी के चपेट में आ सकती है। वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन में खाद्यान्न के उपभोग को लेकर 30 सालों के एनएसएसओ के आंकड़ों, देश के विभिन्न हिस्सों में सात परिवारों के खानपान के पैटर्न का अध्ययन करने के बाद यह नतीजा निकाला है। सभी प्रमुख अनाजों जिसमें चावल, गेहूं, मक्का, जौ तथा फलियां शामिल हैं, उच्च कार्बन उत्सर्जन से प्रभावित हो रही हैं। दक्षिणी भारत समेत देश के जिन हिस्सों में चावल का सेवन ज्यादा होता है, वे लोग जिंक की कमी के ज्यादा शिकार हुए हैं। वहीं शहरी आबादी में भी जिंक की कमी पाई जा रही है।

## शरीर का पोषक तत्व

जिंक शरीर के लिए जरूरी आठ सूक्ष्म पोषक तत्वों में से एक है। यह शरीर में नहीं बनता है, बल्कि भोजन से ही शरीर को प्राप्त होता है।

## इसलिए होती है कमी

कार्बन डाई आक्साइड पौधों के लिए जरूरी है। जितना कार्बन उत्सर्जन ज्यादा होगा, उतने ही पौधों की वृद्धि बेहतर होगी। पौधों की वृद्धि अच्छी हो रही है, लेकिन इससे अनाज के दानों की गुणवत्ता घट रही है।

## कितनी कमी



रिपोर्ट के अनुसार, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और फलियों में जिंक की कमी 5-11 फीसदी की दर्ज की गई है। यह तुलना 1983 से पहले के आंकड़ों से की गई है।

## इस तरह हो समाधान

रिपोर्ट में समस्या का समाधान भी सुझाया गया है। इसके अनुसार, इस समस्या से निपटने के लिए भारत को दो उपाय करने होंगे। एक तो कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जाए। दूसरे, जिंक की कमी से निपटने के लिए राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम में जिंक को अलग से प्रदान करें।

# रेसिपी



## दही भल्ले

- पानी पूरी- आवश्यकतानुसार
- उबले आलू- 2
- चाट मसाला पाउडर- 1 चम्मच
- नीबू का रस- 1 चम्मच
- बारीक कटा प्याज- 2
- दही- 1/2 कप
- काला नमक- स्वादानुसार
- चीनी- 1 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- आवश्यकतानुसार
- चाट मसाला पाउडर- आवश्यकतानुसार
- हरी चटनी- 1/2 कप
- मीठी चटनी- 1/2 कप
- सेव- 1 कप

### विधि

**एक** बाउल में आलू का छिलका छीलकर मैश करें। उसमें चाट मसाला और नीबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। एक दूसरे बाउल में दही, काला नमक और चीनी डालकर अच्छी तरह से फेंट लें। सर्विंग प्लेट में पानी पूरी रखें और एक-एक करके सारी पानी पूरी के बीच में छेद करें। उसमें थोड़ा-थोड़ा आलू वाला मिश्रण डालें। ऊपर से थोड़ा-थोड़ा प्याज, दही, दोनों चटनियां, सेव, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पत्ती डालें। तुरंत सर्व करें।



## करेला चिप्स

- करेला- 4-5 (छीलें और गोल टुकड़े में कटे)
- हल्दी पाउडर- आधा टीस्पून
- धनिया पाउडर- 2 टीस्पून
- सौंफ पाउडर- 2 टीस्पून
- अमचूर पाउडर- आधा टीस्पून
- नीबू का रस- 2 टीस्पून
- जीरा- आधा टीस्पून
- हींग -1 चुटकी
- नमक - स्वादानुसार
- सरसों का तेल - आवश्यकतानुसार

### विधि

**सबसे** पहले करेले को नमक लगाकर करीब 20 मिन्ट तक रख दें। 20 मिन्ट के बाद करेले को अच्छी तरह से धोकर एक छलनी में निकाल लें, ताकि एक्स्ट्रा पानी निकल जाए। अब एक कढ़ाही में सरसों का तेल डालकर गरम करें। जब तेल गरम हो जाए, तब इसमें करेले को डालकर चारों तरफ से पलटकर क्रिस्पी ब्राउन होने तक फ्राई कर लें और एक प्लेट में निकाल लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें। फिर इसमें हींग और जीरा डालें। जब जीरा चटकने लगे, तब इसमें हल्दी पाउडर डालकर हल्का सा भून लें। अब गैस बंद कर दें और इसमें फ्राई किए हुए करेले, अमचूर पाउडर, नमक, सौंफ पाउडर, धनिया पाउडर और नीबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। करेले चिप्स को सर्विंग प्लेट में निकालें और सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना होगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती होगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
प्रयास सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार होंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का सुखद परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में असावधानी ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना होगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती होगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। काम का परिश्रम अच्छा लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी कुचक रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें जो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7

## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूं।

पत्नी- हां-हां, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूं।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।

पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूंक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), ''तुम्हे पता होना चाहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।''

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## काकुरो पहेली -4029



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर, नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -4028 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4029



बाएं से दाएं:-

[illegible]

ऊपर से नीचे:-

[illegible]

फिल्म वर्ग पहेली-4028



## सूडोकु -4029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4028 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली - 4029



**बाएं से दाएं**
1. असभ्यता,मूर्खता-4
3. निर्भय,बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा,शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता,गुलामी-5
14. दानव,दैत्य-3
16. लुटमार-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई,छाया-2
19. आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल,वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा,सूजी-2
30. गुलिस्तां,बाग-3
31. एक ग्रह,शनिश्चर-2
32. दबाना,कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा,अनोखा-3
4. लक्ष्मी,कमला-2
5. खीजना,रोना-4
6. एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष,होशियार-3
10. जमींकंद,एक सब्जी-3
12. धैर्य,संयम-3
13. अवस्था-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैदा,लता-2
21. पुत्र,बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाट-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर,बाण-2

शब्द पहेली 4028 का हल



## न्यूज फ्लैश

### शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं से बारहवीं का पाठ्यक्रम बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड- बोर्ड अध्यक्ष

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० वी.पी.यादव ने आज यहाँ जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्रों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए सकारात्मक कदम उठाते हुए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लिए नये पाठ्यक्रम को लागू किया गया है, जिसे बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट ६६६,र्रौं.ङ्क्ष्.ल्ल पर अपलोड कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पठन-पाठन की प्रक्रिया को और अधिक सहज, सरल, तर्कशील व प्रभावशाली बनाने तथा प्रश्न-पत्रों के प्रारूप को दक्षता आधारित बनाने के लिए 100 से अधिक विषय-विशेषज्ञों एवं मुख्य संसाधन व्यक्तियों की 7 कार्यशालाओं का आयोजन करवाने उपरांत बोर्ड द्वारा यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। डॉ0 यादव ने आगे बताया कि नये पाठ्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि अध्यापक कक्षा में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के अनुरूप पाठ्यक्रम का अनुसरण करते हुए ही पाठ योजना तैयार करके अध्यापन करवाएं, ताकि विद्यार्थियों में तर्कशीलता का आधार बढ़े व विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी हो सके।

उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की निरंतरता में नये प्रारूप अनुसार नौवीं से बारहवीं तक विषयवार एक-एक मॉडल प्रश्न-पत्र व चरणबद्ध मूल्यांकन योजना तैयार करवाते हुए शीघ्र ही बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किए जाएगें।

### बांके बिहारी मंदिर में अब लागू होगी नई व्यवस्था

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भीषण गर्मी में विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मथुरा प्रशासन के द्वारा नई व्यवस्थाएं की गई हैं। अब श्रद्धालु मंदिर के अंदर प्रसाद और फूल माला नहीं ले जा सकेंगे। कर्मचारियों द्वारा दोनों ही चीजें प्रवेश गेट पर ही ले ली जाएंगी। दर्शन करने के बाद मंदिर के निकास द्वार पर उन्हें प्रसादी माला और प्रसाद दिया जाएगा। गर्मी के समय में मंदिर में भीड़ के दबाव से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए एसी लगाए जाएंगे। बांकेबिहारी के श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने अधीनस्थों के साथ चर्चा की। बुधवार को वृंदावन के पर्यटक सुविधा केंद्र के सभागार में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्रदान करने के लिए छाया, पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की और सुझाव लिए गए। इस बीच दर्शनार्थियों से प्रसाद एवं माला को प्रवेश के समय एक स्थान पर लिए जाने तथा मंदिर से बाहर निकलने पर एक स्थान पर वापस दिए जाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। डीएम शैलेंद्र सिंह ने निर्देश दिए है कि जगह जगह पर मंदिर में प्रवेश व निकास द्वारों तथा विभिन्न मार्गों के संबंध में दिशा सूचक चिन्ह लगाएं जायेगे। बैठक में एसपी ट्रैफिक, एसपी सिटी, सीओ सदर, सीएमओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अपर नगर आयुक्त, एआरटीओ प्रवर्तन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### हरियाणा प्रदेश में 10 हजार 363 स्थानों पर बनाए गए 19 हजार 812 पोलिंग स्टेशन

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के लोगों से अपील की है कि 25 मई को होने वाले लोकसभा 2024 के आम चुनाव में मतदान जरूर करें। चुनाव में एक दिन देश के नाम कर चुनाव का पर्व, देश का गर्व बढ़ाए। अग्रवाल चुनाव प्रबंधों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 10 हजार 363 स्थानों पर 19 हजार 812 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें 13 हजार 588 ग्रामीण क्षेत्र में और 6 हजार 224 शहरी क्षेत्र के पोलिंग बूथ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शहरों में 2400 स्थानों पर तथा गांवों में 7 हजार 963 स्थानों पर पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

अग्रवाल ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च से लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। प्रदेश में छठे चरण में 25 मई 2024 को चुनाव होना है। 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जाएगी। 6 मई को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 7 मई को नामांकन की समीक्षा होगी। 9 मई तक उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकते हैं।

# लोकतंत्र पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश

**शपथ**

**8 -उपायुक्त राहुल नरवाल ने युवाओं को दिलाई शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ**



**टोहाना, 18 अप्रैल, महेंद्र गोयल।/टीम एक्शन इंडिया**

जिला में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए चल रही स्वीप गतिविधियों में आम जनता की भागीदारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मतदान को लेकर आमजन उत्साहित है। लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनमें नागरिकों की बड़ी भागीदारी हो रही है। इसी कड़ी में आईजी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, टोहाना के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने 25 मई को लोकतंत्र पर्व मनाने को लेकर नाटक प्रस्तुत करके अपना संदेश दिया। छात्राओं में रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहने के बारे जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने युवाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि लोकतंत्र में मतदान करने का बड़ा महत्व है। युवाओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिये और दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जनता की भागीदारी से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। युवा अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर लोकतंत्र की नींव को मजबूती दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिक को समान वोट का अधिकार प्राप्त है। इसलिए सभी मतदाता 25 मई को अवश्य मतदान करें।उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि लोगों को 25 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रशासन द्वारा जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों मे स्वीप गतिविधियों के तहत सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन की उपस्थिति उत्साहजनक नजर आ रही है। जिला के आम वोटर संकल्प ले रहे हैं कि वे 25 मई को अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव -2024 में इस बार जिला में रिकॉर्ड मतदान होगा। उन्होंने बताया कि जिला के शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता शपथ व विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करके आमजन को मतदान करने लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ द्वारा युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल तक एक अप्रैल, 2024 को आधार मानकर 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा अपना वोट बनवाकर आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान कर सकते हैं। इसलिए योग्य युवा अपने मत को बनवाए।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने युवाओं को 25 मई के दिन अपने मत डालने और आमजन को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत जगह-जगह लगे मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट, स्टैंडी व प्रचार सामग्री मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बढ़ चढकर मतदान से हम अपना मनपसंद जनप्रतिनिधि चुन कर अपने क्षेत्र का विकास करवा सकते हैं। एडीसी ने बताया कि सार्वजनिक व मुख्य स्थानों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बैनर व होर्डिंग लगाए गए है। जिला में शिक्षण संस्थानों सहित अनेक जगह आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं, जो मतदाताओं विशेषकर युवा पीढ़ी व महिलाओं को वोट बनवाने व मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सतवीर सिंह, तहसीलदार सन्नी दलाल, नायब तहसीलदार अंजू, रोहित आरके कौशिक, रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर, प्रो. रमा शुक्ला, मनोचिकित्सक डॉ. गिरीश सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हिसार में देवीलाल परिवार की दो बहुएं देंगी ससुर रजीत को टक्कर

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट प्रदेश में सबसे दिलचस्प सीट हो गई है। इनेलो द्वारा गुरुवार को जारी की गई उम्मीदवार की पहली सूची में इस सीट से चौटाला परिवार की एक और बहू चुनाव मैदान में उतर गई हैं। इस सीट पर अब केवल कांग्रेस उम्मीदवार का ऐलान बचा है। हिसार के चुनावी रण में चौटाला परिवार के एक बुजुर्ग तथा दो बहुएं चुनाव मैदान में हैं।

पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय देवीलाल के ओम प्रकाश चौटाला, रणजीत चौटाला, प्रताप चौटाला एवं जगदीश चौटाला नामक चार पुत्र थे। ओम प्रकाश चौटाला इनेलो की कमान संभाल रहे हैं। रणजीत सिंह चौटाला भाजपा में है। प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला भी इनेलो में हैं। भाजपा-जजपा गठबंधन अलग होने के बाद भाजपा ने हिसार लोकसभा सीट से रणजीत सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। जजपा ने यहां से नैना चौटाला को चुनाव मैदान में उतारा है।



आज इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां से सुनैना चौटाला को उतारकर हिसार के चुनाव को बेहद रोचक बना दिया है। हिसार के रण में कांग्रेस पार्टी के भावी प्रत्याशी से हटकर भाजपा, जजपा एवं इनेलो के प्रत्याशियों द्वारा किया जाने वाला चुनाव प्रचार तथा प्रचार के दौरान किए जाने वाले कटाक्ष पर सभी की नजरें लगी हुई हैं।

## मतदान की अपील में हुई आकाशवाणी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संदर्भ में मथुरा जनपद में 26 अप्रैल को सरल, सुगम एवम् समावेशी चुनाव के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों पर मथुरा आकाशवाणी के स्टूडियो से जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जिले के सामान्य मतदाताओं से किया सीधा संवाद किया।

शासन प्रशासन की प्राथमिकताओं, जिम्मेदारियों और चुनाव तैयारियों पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आकाशवाणी के स्टूडियो में गुरूवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक जिले के सभी मतदाताओं से सीधा संवाद किया तथा सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को मताधिकारी का प्रयोग कर अपने योगदान के प्रति जागरूक किया।

## छोटे उद्यमी हुए परेशान, फेमा पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) ने एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर करते हुये मांग की है कि देश के एमएसएमई में रजिस्टर्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को धारा 43 बीएच के तहत खरीद भुगतान के लिये बाध्य न किया जाए। ऐसा करने से उद्योग जगत की अपनी आर्थिक भुगतान की समय पालना स्थिति को लेकर नया संकट पैदा हो जाएगा।भारत सरकार ने एक अप्रैल 2024 से 45 दिनों के अंदर व्यापारिक खरीद के भुगतान की समय सीमा निश्चित कर दी है। ऐसा न होने की स्थिति में उंस भुगतान को उंस औद्योगिक फर्म की आय मान लिया जाएगा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के रष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी अजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रावधान से देश के छोटे और लघु उद्योगों की स्वतंत्रता उनके व्यापार के परस्पर सम्बन्ध प्रभावित होंगे। और सबसे बड़ी बात यह पूरी तरह अव्यवहारिक और अतार्किक है कि किसी भुगतान को 45 दिन बाद उस उद्योग की आय मान लिया जाएगा।फेम ने उद्योगों के हित मे यह कदम उठाया है।



इसलिये सरकार में 43 बी एच पर कोई सुनवाई न होते देखकर फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) को सर्वोच्च न्यायलय के समक्ष जाना पड़ा है।

**फोटो परिचय-**
**अजय अग्रवाल,** राष्ट्रय सह मीडिया प्रभारी फेमा।

## कांग्रेस व आप के भ्रष्ट गठबंधन को सहन नहीं करेगी जनता : धनखड़

**गठबंधन**

**8 -- आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का भ्रष्टाचार की कच्ची नींव पर आधारित गठबंधन है**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का भ्रष्टाचार की कच्ची नींव पर आधारित गठबंधन है। भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार देश की राजधानी में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि माननीय अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। अब केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिए किस बात और कौन सी नैतिकता का इंतजार कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि दिल्ली के एक एक मतदाता तक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुलनी चाहिए।

प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का देश के संविधान में कोई विश्वास नहीं हैं। कांग्रेस का एक परिवार अपने आप को देश और संविधान से बड़ा मानता है, वहीं इनके गठजोड़ का साथी अरविंद केजरीवाल आजाद भारत के इतिहास में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है, माननीय अदालत कह रही हैं कि आप के खिलाफ ठोस सबूत हैं, फिर भी अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि त्याग पत्र नहीं दूंगा और जेल से ही सरकार चलाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और उनके गठबंधन के साथी देश में किस प्रकार का लोकतंत्र और संविधान चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता को यह बताना जरूरी है।

श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कह रही है, कांग्रेस क्या शराब के घोटालेबाजों को बचाने को ही न्याय देने की बात कर रही है। शराब घोटालों में संलिप्त आम आदमी पार्टी राम राज्य की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी शराब घोटाला करे, उनको राम राज्य की बात करना शोभा नहीं देती । दूसरी तरफ दिल्ली की जनता ने पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार के विकास कार्यों को होते देखा है, गरीब कल्याण के कार्य होते देखे हैं, व्यवस्था परिवर्तन होते देखा है, भ्रष्टाचारियों को जेल के अंदर जाते देखा है। द्वारका एक्सप्रेस वे, केएमपी व केजीपी पर दौड़ते वाहन देख रहे हैं। कर्तव्य पथ पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित होते

## कार्यालय में कोई सुनता नहीं, पोर्टल पर फर्जी निस्तारण

### -भेज दिये बढे हुए बिजली बिल, परेशान है उपभोक्ता

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बिजली विभाग से उपभोक्ता परेशान हैं। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को बढे हुए बिजली बिल भेज दिये गये हैं। तमाम उपभोक्ताओं के बिल यकायक कई लाखा में आ गये हैं। विभाग का कहना है कि उनके बिल रिवाइज किए गये हैं। ऐसे उपभोक्ताओं ने विभाग में सांठगांठ कर बिल एडजस्ट कर लिये थे। अब इन्हें रिवाइज्ड कर भेजा जा रहा है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने कुछ नहीं किया।

विभाग के अधिकारियों ने जैसा कहा उन्होंने किसी तरह की कार्यवाही से बचने के लिए वैसा ही किया, अब इसमें उनकी गलती नहीं है। कार्यवाही विभागीय कर्मचारी और अधिकारियों पर होनी चाहिए जबकि कार्यवाही उपभोक्ताओं के खिलाफ की जा रही है। कार्यालयों में कोई सुन नहीं रहा और शिकायती पोर्टल पर फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। यमुनापार अजय नगर निवासी देवेन्द्र कुमार ने मुख्मंत्री पोर्टल पर शिकायत की कि उनके परिवार का बिल सही नहीं किया जा रहा है। विभाग ने बिल तो ठीक नहीं किया लेकिन पोर्टल पर शिकायत का निस्तारण दिखा दिया। मीटर रीडर अपने हिसाब से रीडिंग डाल देता है या बिल आईडीएफ दिखा देता है। एक्सईएन राया के मुताबिक इस प्रकरण को फिर से दिखवाया जा रहा है।

## पुलिस मुठभेड मे दो लुटेरों को लगी गोली

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

एसओजी टीम एवं थाना वृन्दावन पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में महिलाओ से लूट करने वाले दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। दो दिन पूर्व आईटीआई कॉलेज के पास वृंदावन रोड पर एक स्कूटी पर सवार महिलाओं से लूट करने वाले शातिर बदमाश तेजवीर चौधरी उर्फ विष्णु पुत्र दलवीर एवं अनमोल यादव उर्फ रिंकू पुत्र मुकेश यादव मुठभेड के दौरान घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनका साथी एक अन्य अभियुक्त मोहित तिवारी पुत्र सियाराम तिवारी अंधेरा एवं झाड़ियां होने के कारण मौके से भाग गया। अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों पर मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस की गोली लगने से घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आप से फिर होगी जबरिया वसूली, मुम्बई से नहीं मिलेगी मदद

**आफत**

**8 --राहत की उम्मीद खत्म, भाजपा आई तो आपके हिस्से में सिर्फ आफत: सुरेश सिंह**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि चुनाव बाद फिर जनता से जबरन वसूली शुरू होगी। जनता के लिए राहत की उम्मीद खत्म हो गई हैं। भाजपा की ओर से किसी राहत की बात नहीं की गई है। वह सिर्फ लोगों को आपस में लडाने और नफरत फैलाने की बात कर रहे हैं। जबकि आपको रोजगार चाहिए, शिक्षा चाहिए, भ्रष्टाचार और बेजा वसूली से राहत चाहिए। बिजली विभाग, नगर निगम से लेकर दूसरे तमाम विभाग वसूली के लिए तैयार बैठे हैं। 26 अप्रैल के बाद आपकी आरसी जारी की जाएंगी। आपके बैंक अकाउंट सीज किये जाएंगे और वसूली के लिए आपके घरों में तलाशी ली जा सकती है। चुनाव आने पर आप राहत की उम्मीद में थे लेकिन अब यह साफ हो गया है कि अगर भाजपा सरकार में आई तो आपके हिस्से में सिर्फ आफत ही आएगी। न किसानों को बैंक कर्ज से माफी का वायदा हुआ है और नहीं बिजली बिल माफी का। 10 साल में यह तय हो गया है इस संकटकाल में मुंबई से आपको किसी तरह की मदद मिलने नहीं जा रही है। अगर आपको इसके खिलाफ लडना है, अपने अधिकार के लिए लड़ना है।

अपने सम्मान के लिए लड़ना है तो अपने को चुनना होगा। अपने स्थानीय प्रत्याशी को चुनना होगा जो आपके सुख दुख का साथी बन सके।

आपकी लड़ाई में आपके साथ खड़ा हो सके। बरसाना में किसान जमीन अधिग्रहण के लिए लड रहे हैं, किसान, बेरोजगार युवा, नाविक सामज, धनगर समाज, वंचित समाज, के साथ कोई जनप्रतिनिधि खड़ा नहीं हो रहा है।

## सरपंच लोकतंत्र की पहली और मजबूत कड़ी: सीएम नायब सिंह

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा है कि सरपंच लोकतंत्र की पहली और मजबूत कड़ी है। प्रदेश सरकार इस कड़ी को और अधिक मजबूत करेगी तथा सरपंचों के सहयोग से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो में तेजी लाएगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने ये विचार वीरवार को नई दिल्ली में उनसे मिलने आए सरपंचों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बातचीत करते हुए व्यक्त किये। इस प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और विश्वास दिलाया कि वे विकास कार्यों को सरकार की सोच के अनुरूप बेहतर और गुणवत्तापूर्वक ढ़ंग से सम्पन्न करवाएंगे।



प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सरपंच लोकतंत्र का प्रथम और मजबूत पायदान है और ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में सरपंच की अहम भूमिका होती है। सरकार सरपंचों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो की गति तेज करेगी। जो विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्र में शुरू हो चुके है, उन्हें सरपंच उन्हें तेजी से पूरा करवाएं और ऐसा करते समय कार्य की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखें। सरपंच यदि क्वालिटी को लेकर कोई आपत्ति जतायेगा तो सरकार संज्ञान लेगी और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। सरकार का लक्ष्य सरपंचों को साथ लेकर विकास कार्यो की गुणवत्ता सुधारते हुए उनको जल्द पूरा करवाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दरवाजे सरपंचों के लिए 24 घण्टे खुले है और कहीं भी कोई दिक्कत आए तो सरपंच सीधे उनके संज्ञान में लाएं। सरपंचों के उपयोगी सुझावों पर भी सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ठेकेदारे माईनस में टेंडर ले लेते और बाद में कार्य अधूरा छोड़ देते है। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे टेंडर प्रक्रिया में दोबारा भाग न ले पाएं।

हरियाणा की पढ़ी लिखी पंचायतों को उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां पढ़ी लिखी पंचायतें चुनी जा रही है। अब पंचायतों की टेंडर प्रक्रिया की कमियों को सरपंचों के साथ बैठकर दूर करेगें और इस प्रक्रिया से पारदर्शिता के साथ गांवों का विकास करवाकर देशभर में दूसरा बड़ा संदेश देंगें।

**आम आदमी पार्टी को शोभा नहीं देता रामराज की बात करना**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आम आदमी पार्टी द्वारा ह्लआप का रामराजह्व ऐप लान्च करने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अनेक लोग रामराज की बात करते है। रामराज कहना तो बहुत आसान है लेकिन उस पर चलना कठिन है। राम ने जो तपस्या की है और प्रतिज्ञा ली है वो आमजनता के लिए ही है। इनके लिए रामराज की बात करना ठीक नहीं है।

## मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने गुरुवार को नगर में चल रही कई विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिले के अफसरान के साथ समीक्षा बैठक में लंबित पड़े कार्यों को द्रुत गति से पूरा कराने की हिदायत भी दी। मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी गुरुवार को जनपद में ब्रज तीर्थ विकास परिषद और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों हालिया स्थिति

**दिशा निर्देश**

**8 विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

जानने पहुंची थी। सबसे पहले टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर में विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद उन्होंने ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निर्माण कराए गए शहीद लक्ष्मण स्मारक भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां कार्यदायी संस्था मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से इसकी कार्य प्रगति जानी।

विभागीय अधिकारियों द्वारा करीब साढ़े आठ करोड़ की लागत से तैयार हुई इस इमारत का निर्माण कार्य पूरा होने और जल्द ही नगर निगम को हस्तांतरित करने की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने केशीघाट पर गरुण क्रूज और राधानिवास में निमार्णाधीन श्रृंगार,पोशाक ट्रेड सेंटर का जायजा भी लिया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि जो विकास कार्य लंबित है। उन्हे जल्द ही पूरा कराया जायेगा।

# सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। रामनवमी बीतने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि आज की गिरावट के बावजूद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज भी 24 कैरेट सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 68 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज मामूली गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 86,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,940 रुपये



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। ब्रेंट क्रूड 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर




उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.26 फीसदी उछलकर 87.61 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.15 डॉलर यानी 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 82.93 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# ओला एस1एक्स की शुरूआती कीमत 69999 रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक ने भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में आम आदमी तक पहुंचने के उद्देश्य से एस1एक्स पोर्टफोलियो (2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा, और 4 किलोवॉट घंटा) के लिए नई




कीमतों की घोषणा की, जो 69,999 रुपये (2 किलोवॉट घंटा के लिए आमंत्रण मूल्य) से शुरू होंगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एस1एक्स की डिलीवरी पूरे भारत में अगले सप्ताह से शुरू होंगी। एस1प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स प्लस क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये, और 84,999 रुपये में उपलब्ध होंगे।

# 2024 में कम आर्थिक विकास और व्यापार में गिरावट से विकास होगा प्रभावित: अंकटाड

एजेंसी

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने गिरते निवेश और कमजोर वैश्विक व्यापार का हवाला देते हुए 2024 में विकास में और गिरावट आने की चेतावनी देते हुये कहा है कि इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में यह 2.7 प्रतिशत रहा है। अंकटाड ने अपनी नयी रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों और व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है, लेकिन मौद्रिक नीति अकेले सभी गंभीर वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकती है। निवेश और व्यापार को पुनर्जीवित करने, पूर्ण रोजगार का समर्थन करने और उचित आय वितरण की रणनीतियाँ मजबूत विकास और एसडीजी को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# महिंद्रा ने पेश की नयी नौ सीटर बोलेरो नियो प्लस

एजेंसी

मुंबई। देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने नौ सीटों की क्षमता वाली बोलेरो नियो प्लस 9-सीटर पेश की।कंपनी ने कहा है कि इसके दो संस्करण- पी4 और प्रीमियम पी10 पेश किए जा रहे है । कंपनी ने यह भी कहा है कि बोलेरो नियो प्लस 9-सीटर ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

# ब्रिजस्टोन ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए पेश किया तुरांजा 6 आई नया प्रीमियम टायर

एजेंसी

गुरुग्राम । टायर बनाने वाली कंपनी ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए इंलाइटेन प्रौद्योगिकी आधारित ब्रिजस्टोन तुरांजा 6 आई प्रीमियम टायर लॉंच करने की घोषणा की है जो एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक को सहज और शांत सवारी के माध्यम से प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 14 इंच से लेकर 20 इंच तक के 36 मॉडल में यह नया टायर उपलब्ध है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम वाहनों के लिए इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भारत से दुबई के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने रद्द की उड़ानें

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। दुबई का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी इससे अछूता नहीं रहा। देश के विभिन्न शहरों से दुबई के लिए उड़ानों का संचालन करने वाली एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं।

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया और इंडिगो हफ्ते में दुबई समेत संयुक्त अरब अमीरात के विभिन्न शहरों लिए करीब 72 उड़ानों का संचालन करती है। इंडिगो ने 'एक्स पोस्ट' पर कहा कि खराब मौसम और सड़क अवरोधों के कारण हवाई अड्डे पर प्रतिबंधों और परिचालन चुनौतियों के कारण दुबई आने-जाने वाली उड़ानें 18 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि उड़ान विकल्पों की जानकारी के लिए https:it.ly/x{uyMh– पर पूर्ण वापसी का अनुरोध करें।




एयर इंडिया ने बयान में कहा कि कल खराब मौसम के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) पर उड़ान संचालन फिलहाल बाधित है, जिसके कारण रद्दीकरण और उड़ानों में देरी हो रही है। एयरलाइन ने कहा कि वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है। भारत से एयर इंडिया एयरलाइन और इंडिगो एयरलाइन के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं।


# यूएनसीटीएडी ने 2024 में जीडीपी 6.5 फीसदी रहने का जताया अनुमान

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स और आईएमएफ के बाद संयुक्त राष्ट्र की संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (यूएनसीटीएडी) ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है।

यूएनसीटीएडी ने मंगलवार देर रात जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ी है, जिसकी वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही है, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश



और सेवा क्षेत्र की वृद्धि से प्रेरित रही है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, रेटिंग एजेंसी मूडीज और एशियाई विकास बैंक ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया है।

# इफको का नैनो यूरिया प्लस तीन साल के लिए अधिसूचित, कीमत 225 रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने नैनो यूरिया प्लस को तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) का नैनो यूरिया प्लस उसके नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है। इसकी अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसानों को नैनो यूरिया प्लस मिलना शुरू हो जाएगा। इफको के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. यूएस अवस्थी ने नैनो यूरिया प्लस की अधिसूचना जारी होने की जानकारी देते हुए कहा कि इफको का नैनो यूरिया प्लस (तरल) 16 फीसदी




नाइट्रोजन 2/2 जो कि 20 फीसदी नाइट्रोजन 2/1 के बराबर है। इसको भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया प्लस की कीमत में वृद्धि नहीं की गई है। यह 225 रुपये की दर से 500 मिली. की बोतलों में उपलब्ध है। अवस्थी ने कहा कि नैनो यूरिया प्लस इफको का नैनो यूरिया का उन्नत फॉर्मूलेशन है, जो फसल विकास के महत्वपूर्ण चरणों में नाइट्रोजन की जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता को बढ़ावा मिलेगा। अवस्थी ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को फायदा पहुंचाना और स्थाई पर्यावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म पोषक तत्वों को बढ़ावा देता है। यह एक क्लोरोफिल चार्जर है, जो बदलती जलवायु में खेतों में मदद करता है।

# आईआईएफएल फाइनेंस का राइट्स शेयर निर्गम 30 अप्रैल से

एजेंसी

नई दिल्ली। आईआईएफएल फाइनेंस ने वर्तमान शेयरधारकों के लिए करीब 1272 करोड़ रुपये का राइट्स शेयर निर्गम लाने की घोषणा की। यह निर्गम 30 अप्रैल से 15 मई तक खुला रहेगा। कंपनी ने मुंबई शेयर बाजार को दी गयी एक सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में यह निर्णय किया गया।

# वालमार्ट मार्केटप्लेस ने भारतीय विक्रेताओं के लिए समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च किया

एजेंसी

जयपुर। वालमार्ट ने भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की। इसके माध्यम से वे साइट पर पंजीकरण एवं बिक्री कर सकेंगे। साथ ही वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया। इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। वालमार्ट मार्केटप्लेस को 2021 में भारतीय विक्रेताओं के लिए खोला गया था। वर्तमान में इस मार्केटप्लेस पर भारत में बनाए गए, विकसित किए गए या असेंबल किए



गए उत्पादों के हजारों एसकेयू हैं। वालमार्ट का अमेरिकी मार्केटप्लेस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। पिछले वित्त वर्ष में इसका राजस्व 45 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वालमार्ट के विक्रेता 20 प्रतिशत बढ़े।

वालमार्ट नए विक्रेताओं से कोई मासिक शुल्क या सेटअप का शुल्क नहीं लेता है। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने न्यू सेलर सेविंग्स प्रोग्राम का एलान किया था, जिसमें प्रतिभागियों को वालमार्ट डॉट कॉम पर पहले 90 दिन रेफरल और वालमार्ट फुलफिलमेंट सर्विसेज (डब्ल्यूएफएस) फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। डब्ल्यूएफएस से विक्रेताओं को अपनी इन्वेंटरी को अमेरिकी ग्राहकों के नजदीक लाने का सुविधाजनक एवं किफायती समाधान मिलता है।

वालमार्ट की इमर्जिंग मार्केट्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट वाइस प्रेसिडेंट मिशेल मी ने कहा, 'वालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार है और समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करना भारतीय विक्रेताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वालमार्ट मार्केटप्लेस विक्रेताओं को दुनियाभर के ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करते हुए भारतीय कंपनियों की क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रयासरत है। समर्पित ऑनबोर्डिंग सपोर्ट और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नेविगेट करने की हमारी विशेषज्ञता के माध्यम से हम विक्रेताओं को ऐसे उपकरणों से सशक्त करते है, जिनकी उन्हें अमेरिका व अन्य मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने के लिए जरूरत है।' अभी अमेरिकी मार्केटप्लेस में भारतीय विक्रेता कीमत पर पूरे नियंत्रण के साथ होम टेक्सटाइल, बाथ, होम डेकोर, कपड़े, आभूषण, खिलौने और सौंदर्य प्रसाधन समेत विभिन्न श्रेणियों में इन्वेंटरी को सूचीबद्ध कर सकते हैं। कंपनी अपने मार्केटप्लेस पर विभिन्न श्रेणियों में भारतीय विनिर्माताओं और ब्रांड मालिकों को जोड़ना चाहती है और लाखों ग्राहकों के लिए मूल्य सृजित करना चाहती है। वालमार्ट डॉट कॉम पर बिक्री से कंपनियों को डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने में मदद मिलती है, साथ ही उन्हें निर्यात प्रक्रियाओं को नेविगेट करने और अमेरिकी उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को समझने में मदद मिलती है। भारतीय सेलर्स यहां क्लिक करके वालमार्ट मार्केटप्लेस पर आवेदन कर सकते हैं।

# मतदान के दिन 19 अप्रैल को इन शहरों में बंद रहेंगे बैंक

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव 2024 में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण में जिन शहरों में मतदान होगा, वहां सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के दोनों ही दफ्तरों में अवकाश रहेगा। ऐसे में किन-किन शहरों में 19 अप्रैल को बैंक बंद रहेंगे। यह जानना बहुत जरूरी है, ताकि आपको कोई असुविधा न हो।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के जारी निर्देश के मुताबिक 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के दिन संबंधित शहरों में बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा कुछ राज्य सरकारों ने पहले ही मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश का ऐलान किया है। पहले चरण में 19 अप्रैल को चेन्नई, देहरादून, ईटानगर, जयपुर, कोहिमा, नागपुर और शिलांग में बैंकों में अवकाश रहेगा। इन राज्यों के अलावा असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और




पुडुचेरी और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी पहले चरण में आम चुनाव है। हालांकि, आरबीआई ने इन राज्यों में बैंकों की छुट्टी पर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। 19 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। नगालैंड ने पहले ही ऐलान किया है कि राज्य में सरकारी, निजी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सभी कर्मचारियों मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मिलेगा, ताकि वे मतदान के दौरान अपना वोट डाल सकें। तमिलनाडु सरकार ने भी 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश का ऐलान किया है। इस दिन सभी 39 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा और विलावनकोड विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव भी होगा।

# अंबुजा सीमेंट में अडानी परिवार की हिस्सेदारी हुयी 70.3 प्रतिशत

एजेंसी

नई दिल्ली। अडानी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अडानी परिवार ने 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। अडानी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत कर ली है।

उसने कहा कि यह रणनीतिक कदम पोर्टफोलियो कंपनियों के लिए मजबूत पूंजी प्रबंधन दर्शन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और नवीनतम निवेश भविष्य की संभावनाओं और सीमेंट वर्टिकल की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अडानी परिवार की प्रतिबद्धता की गवाही देता है। अतिरिक्त निवेश कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा, जिससे उसे अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और बाजार में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्नत क्षमताएं मिलेंगी। सीमेंट वर्टिकल द्वारा 2028 तक 14 करोड़ टन प्रति वर्ष की क्षमता को पूरा करने के लिए धनराशि महत्वपूर्ण होगी। इसके अलावा, यह परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए पूंजीगत व्यय को कम करने के साथ-साथ संसाधनों, आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी सक्षम करेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास से प्रेरित क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से नवाचार और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा, -हम अंबुजा में अडानी परिवार के 20,000 करोड़ रुपये के प्राथमिक निवेश के पूरा होने की घोषणा करते हुए रोमांचित है। विकास, पूंजी प्रबंधन पहल और सर्वोत्तम श्रेणी की बैलेंस शीट ताकत न केवल हमारे दृष्टिकोण और व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों को दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है और यह हमें प्रेरित करेगी। हमारे विकास में तेजी लाने के लिए नए मानक स्थापित करने की दिशा में और परिचालन उत्कृष्टता, व्यावसायिक तालमेल और लागत नेतृत्व प्रदान करना जारी रहेगा।

## मध्य अफ्रीका गणराज्य में हमला, 14 लोगों की मौत, कई घायलज संरा

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफ्रीका गणराज्य (सीएआर) में दक्षिणी मबोमौ प्रान्त के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गयी।संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने रविवार को बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया।ओसीएचए ने कहा,



इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं और कई घर जला दिये गये हैं। यह नरसंहार कथित तौर पर इसलिए किया गया, क्योंकि सशस्त्र समूह को ग्रामीणों पर मध्य अफ्रीकी सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने का संदेह था। कार्यालय ने कहा कि सशस्त्र समूहों के हिंसक हमले बढ़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र समूह के सदस्यों ने 3 अप्रैल को पश्चिमोत्तर प्रांत उहाम-पेंडे में बोहोंग के पास कम से कम 20 नागरिकों की हत्या कर दी थी और कई घर जला दिये गये थे। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा कि सीएआर में संरा शांति मिशन ने हमलों से प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है।

## 'फिलिस्तीन को गाजा में मानवीय सहायता के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा'

**रामल्ला।** फिलिस्तीनी के प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने मानवीय मामलों के संयुक्त राष्ट्र समन्वयक मुहन्नद हादी के साथ एक बैठक के दौरान गाजा पट्टी में जारी संघर्ष के बीच प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। श्री मुस्तफा ने हुई इस बैठक में कहा कि चुनौतियों में आपातकालीन सहायता की गुणवत्ता और उपयुक्तता सुनिश्चित करना, गाजा पट्टी में तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिये सहायता वितरण और वितरण के तंत्र को परिष्कृत करने के साथ ही संघर्ष से बाधित आवश्यक सेवाओं को बहाल करना शामिल है।

## टोंगा में महसूस किए गए 5.4 तीव्रता वाले भूकंप के झटके

**नुकू आलोफा।** टोंगा के होआमा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 21:31:48 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 मापी गयी। भूकंप का केंद्र होआमा से 272 किलोमीटर पश्चिम में धरती की सतह से 389.9 किमी की गहराई, 21.27 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.93 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

## फिजी द्वीप में भूकंप के तेज झटके

एजेंसी

**सुवा।** फिजी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं।जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार 21:31:47 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 379.1 किलोमीटर की गहराई में 21.21 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.80 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

## जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति



**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई।

# पश्चिमी जापान में भूकंप के जोरदार झटके

एजेंसी

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोरदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने गुरुवार सुबह संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गयी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमीटर की गहराई में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है।

जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और




राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया। गौरतलब है कि 1996 के बाद से यह पहली बार वर्तमान भूकंपीय तीव्रता पैमाने को पेश किया गया है और बताया गया है कि 06 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप के झटके शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए हैं। जेएमए ने कहा, यह जापान के प्रशांत तट पर स्थित है। शिकोकू इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने कहा कि भूकंप से एहिमे प्रीफेक्चर में इकाता परमाणु ऊर्जा संयंत्र को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। वहीं, क्यूशू इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने कहा कि क्यूशू द्वीप पर कागोशिमा प्रान्त में सेंदाई परमाणु ऊर्जा संयंत्र में कोई असामान्यता नहीं पाई गई है।

# गाजा में इजरायली हवाई हमले में 13 फिलिस्तीनी मारे गए

एजेंसी

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए।

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के शेख रदवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया।

चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, और कई अन्य घायल हुए है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, इजरायली मीडिया ने बताया कि हवाई हमले में हमास पोलित ब्यूरो नेता इस्माइल हनियेह का भतीजा भी मारा गया।

इस बीच, फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक आवासीय चौराहे को ध्वस्त कर दिया, जो लगभग एक सप्ताह से सैन्य अभियान का स्थल रहा है। सूत्रों ने कहा कि इजरायली सेना ने हवाई और गोला बारी तेज कर दिए हैं।



**चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, और कई अन्य घायल हुए हैं।**

उल्लेखनीय है कि11 अप्रैल को, इजरायली सेना ने हमास के खिलाफ छह महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध के एक हिस्से के रूप में मध्य गाजा पट्टी में एक आश्चर्यजनक सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की थी।

## ब्राज़ील में बस दुर्घटना में सात लोगों की मौत



एजेंसी

**रियो डी जनेरियो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के मिनस गेरैस राज्य में एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सैन्य राजमार्ग पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह दुर्घटना साओ जोआओ इवेंजेलिस्टा और साओ पेड्रो डो सुआकुई नगर पालिकाओं के बीच एमजीसी-120 क्षेत्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ने सड़क पार कर रहे कुत्तों से बचने का प्रयास किया और बस पलट गई।

चौबीस यात्रियों को ले जा रही बस मिनस गेरैस में क्षेत्रीय राजधानी बेलो होरिज़ोंटे और मिनस नोवास की नगर पालिका के बीच यात्रा कर रही थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, घायलों में से किसी की भी हालत नाजुक नहीं है।

# खैबर पख्तूनख्वा में सड़क दुर्घटना में 30 की मौत, 15 घायल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** रिपोर्ट के अनुसार, एक यात्री बस और एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से 30 यात्रियों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा के कोहिस्तान जिले में काराकोरम राजमार्ग पर दोनों वाहन आपस में टकराने के बाद खड्ड में गिर गये। रिपोर्ट के अनुसार, यात्री बस गिलगित से रावलपिंडी की ओर जा रही थी, तभी प्रांत के शितियाल क्षेत्र में विपरीत दिशा से आ रही एक कार से उसकी टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों और शवों को अस्पताल पहुंचाया।

बचाव अधिकारियों ने बताया कि अंधेरे के कारण बचाव दल को बचाव कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक



व्यक्त किया है। उन्होंने दुखद घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने भी गिलगित बाल्टिस्तान में चिलास के पास एक बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की। गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री ने कोहिस्तान में बस दुर्घटना पर दुख जताया. जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खालिद खुर्शीद ने प्रशासन और सभी संबंधित विभागों को घायलों को दुर्घटनास्थल से निकालने और उन्हें चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने आपातकालीन प्रतिक्रिया के बेहतर समन्वय और निगरानी के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष चलाने के निर्देश जारी किये। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, 29 जनवरी को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक यात्री कोच के खड्ड में गिर जाने से 41 लोगों की मौत हो गई। यह घटना बलूचिस्तान के लासबेला जिले में हुई।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, लासबेला के सहायक आयुक्त हमजा अंजुम ने कहा कि 48 यात्रियों को ले जा रहा वाहन क्वेटा से कराची जा रहा था। उन्होंने कहा कि वाहन लासबेला के पास एक पुल के खंभे से टकरा गया और उसके बाद एक खड्ड में गिर गया और उसमें आग लग गई. डॉन ने हमजा अंजुम के हवाले से कहा, तेज गति के कारण, लासबेला के पास यू-टर्न लेते समय कोच एक पुल के खंभे से टकरा गया। वाहन बाद में एक खड्ड में जा गिरा और फिर उसमें आग लग गई।

# UAE में बारिश ने तोड़ा 75 सालों का रिकॉर्ड

एजेंसी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो लगभग दो साल की औसत वर्षा के बराबर है। मौसम केन्द्र ने कहा कि यह जलवायु डेटा रिकॉर्ड करने की शुरुआत के बाद से यूएई के जलवायु इतिहास में एक असाधारण घटना थी।

दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने घोषणा की कि कल शाम मौसम की स्थिति में सुधार होने तक आने वाली उड़ानों का मार्ग में परिवर्तन किये गए हैं। हालांकि विमानों के प्रस्थान का परिचालन चालू रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए पूरे यूएई में स्कूल बंद कर दिये गये और भी स्कूल बंद रहने की उम्मीद है। दुबई प्रशासन ने भी अपने कर्मचारियों के लिए दूरस्थ कार्य समय को बुधवार तक बढ़ा दिया। यूएई में मूसलाधार बारिश होने से बेहद खराब मौसम के कारण अल ऐन में होने वाला एशियाई चैंपियंस लीग फुटबॉल



सेमीफाइनल मैच को रद्द कर दिया है, जो यूएई और सऊदी अरब के बीच होना था। यहां बाढ़ और तूफान से ओमान सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है इसके बाद, यूएई, बहरीन और कतर के कुछ हिस्से भी प्रभावित हैं, जहां कई लोग फंसे हुए हैं।

# अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए एक और भारतीय नागरिक की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत वापस भेजा जाना था। संघीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका- मैक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था।

सिंह को गिरफ्तार किये जाने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और निष्कासन संचालन (ईआरओ) को सौंप दिया गया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था।

अमेरिका में जब ऐसे किसी व्यक्ति की हिरासत केंद्र में मौत होती है जो वहां का नागरिक नहीं है तो ईआरओ को दो कार्यदिवस के भीतर संसद, गैर-सरकारी संगठन, मीडिया को इसकी सूचना देनी होती है साथ ही अपनी वेबसाइट में व्यक्ति से जुड़े विवरण साझा करने होते हैं।

# यूरोपीय संघ के नेता ईरान पर नये प्रतिबंध लगाने पर सहमत

एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ के नेताओं ने देर रात इजरायल पर सीधे हमले के लिए ईरान को निशाना बनाने वाले नए प्रतिबंधों पर सहमति व्यक्त की। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के पहले दिन के बाद गुरुवार सुबह संवाददाताओं से कहा, यूरोपीय संघ ने ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, विचार उन कंपनियों को लक्षित करना है जिनकी ड्रोन, मिसाइलों के लिए जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे के ब्योरे को अंतिम रूप दिया जाना है।

यूरोपीय संघ के नेताओं के बयान में कहा गया है, 'यूरोपीय संघ ईरान के खिलाफ विशेष रूप से मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) और मिसाइलों के खिलाफ और प्रतिबंधात्मक कदम उठाएगा।' बुधवार और गुरुवार को यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन मूल रूप से ब्लॉक की अर्थव्यवस्था और इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए था। लेकिन मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने आर्थिक चर्चा को दूसरे दिन के एजेंडे में धकेल दिया।

यूरोपीय संघ के नेताओं ने शांति की अपील की क्योंकि इज़राइल शनिवार को ईरान से ड्रोन और मिसाइल हमले की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा था। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने इज़राइल से आग्रह किया कि वह उनके आगमन पर ईरान के खिलाफ अपने खुद के बड़े हमले का जवाब न दे। स्कोल्ज़ ने इज़राइल से आह्वान किया कि वह अब पूरे क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए ईरान के मिसाइल और




ड्रोन हमले के खिलाफ सफल रक्षा का उपयोग करे। इस आधार पर, तदनुसार सैन्य प्रतिक्रिया निश्चित रूप से उचित नहीं होगी, उन्होंने कहा।

ईरान ने कहा कि ड्रोन और मिसाइल हमले महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के दूतावास पर मिसाइल हमले में उच्च पदस्थ ईरानी अधिकारियों की हत्या का प्रतिशोध थे। ईरान द्वारा मास्को को ड्रोन की आपूर्ति करके यूक्रेन पर रूसी युद्ध का समर्थन शुरू करने के बाद स्थापित शासन के माध्यम से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इन प्रतिबंधों ने ईरान को मानव रहित हवाई वाहनों के निर्माण और उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले घटकों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया, और ईरान के लिए मिसाइलों का उत्पादन करना कठिन बनाने के लिए इसका विस्तार किया जा सकता है। ईरानी सशस्त्र बलों की विशिष्ट इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने के लिए इज़राइल के आह्वान को पूरा करना अधिक कठिन है। इस मंजूरी के लिए आईआरजीसी को पहले यूरोपीय संघ के कानून के तहत आतंकवादी गतिविधियों के लिए एक राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा मुकदमा चलाना होगा। स्कोल्ज़ ने कहा कि हालांकि, आईआरजीसी की गतिविधियों के संबंध में यूरोपीय संघ में एक हालिया अदालत के फैसले की जांच यूरोपीय संघ के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। स्कोल्ज़ ने कहा, इससे आईआरजीसी के लिए आतंकवादी पदनाम का रास्ता खुल सकता है। बेल्जियम के प्रधान मंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि उनका देश आईआरजीसी पर प्रतिबंधों का समर्थन करेगा।

मध्य पूर्व के साथ-साथ, यूरोपीय संघ के नेताओं ने देश के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ यूक्रेन की वायु रक्षा हथियारों की आवश्यकता पर भी चर्चा की, जो वीडियो कॉल द्वारा बैठक में शामिल हुए। यूरोपीय संघ के नेताओं को अपने संबोधन में ज़ेलेंस्की ने रूसी हवाई हमलों के खिलाफ अधिक समर्थन का आह्वान किया। उन्होंने इज़राइल को मिले समर्थन के बीच तुलना की, जहां अमेरिकी, फ्रांसीसी और ब्रिटिश जेट विमानों ने ईरानी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में मदद की और रूसी बमबारी के खिलाफ यूक्रेन को मिलने वाली मदद या उसकी कमी के बीच तुलना की। उन्होंने कहा, यहाँ यूक्रेन में, यूरोप के हमारे हिस्से में, दुर्भाग्य से, हमारे पास रक्षा का वह स्तर नहीं है जो हमने कुछ दिनों पहले मध्य पूर्व में देखा था। उन्होंने कहा, हमारा यूक्रेनी आकाश और हमारे पड़ोसियों का आकाश समान सुरक्षा का हकदार है।

यूरोपीय संघ के नेताओं का बयान यूक्रेन को तत्काल हवाई रक्षा प्रदान करने और तोपखाने गोला-बारूद और मिसाइलों सहित सभी आवश्यक सैन्य सहायता के वितरण में तेजी लाने और तेज करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। स्कोल्ज़ ने कहा, जर्मनी पहले ही यूक्रेन को सतह से हवा में मार करने वाली दो पैट्रियट मिसाइल प्रणालियाँ दे चुका है और एक और देगा। डच प्रधान मंत्री मार्क रुटे ने कहा कि नीदरलैंड और डेनमार्क F16 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हम जानते हैं कि यूक्रेन का समर्थन करने के लिए हमें अब तक जितना करते आ रहे हैं उससे कहीं अधिक करना होगा। यह विशेष रूप से आवश्यक सभी वायु रक्षा क्षमताओं पर लागू होता है,

## इजरायली हमले में फिलीस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 33,899 हुयी

**गाजा।** इजरायल की ओर से जारी हमलों में गाजा पट्टी में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 33,899 हो गई है।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली सेना की ओर से किये गये हमलों में 56 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी और अन्य 89 घायल हो गये, जिससे इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से फिलीस्तीनी मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 33,899 तक पहुंच गई है और 76,664 लोग घायल हो गये हैं। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

# इस्लामाबाद हाई कोर्ट एक्स पर प्रतिबंध लगाने का पाक सरकार का फैसला

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने एक्स पर प्रतिबंध लगाने पर संघीय सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केवल अटकलों के आधार पर प्रतिबंध लगाया गया है। खुर्रम आगा, सचिव आंतरिक, आईएचसी के समक्ष उपस्थित हुए और एक्स पर प्रतिबंध पर सवाल उठाने और चुनौती देने वाली एक याचिका का जवाब देते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रिपोर्ट में आईएचसी से याचिका खारिज करने का आह्वान किया गया, जिसमें जोर देकर कहा गया कि याचिकाकर्ता के किसी भी अधिकार से वंचित नहीं किया गया है। पाकिस्तान सरकार के वैध निर्देशों का पालन करने और अपने प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग के संबंध में चिंताओं को दूर करने में ट्विटर/एक्स की विफलता के कारण प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया। एक्स को बंद करने के खिलाफ याचिका कानून और तथ्यों के विपरीत है, 'आंतरिक मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है। हालांकि, IHC ने कहा कि मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत संक्षिप्त रिपोर्ट अदालत को संतुष्ट करने में विफल रही है क्योंकि न्यायाधीश ने इस पर गुस्सा व्यक्त किया था। यह क्या है? यहां तक कि मेरे सचिव भी इससे बेहतर प्रस्तुत कर सकते हैं,' न्यायाधीश ने आईएचसी में सुनवाई के दौरान कहा। अदालत ने कहा, 'सरकार ने केवल अटकलों के आधार पर एक्स पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।' अदालत ने अधिकारियों को ठोस सबूत पेश करने और यह साबित करने का निर्देश दिया कि एक्स वास्तव में पाकिस्तान के लिए एक सुरक्षा 'खतरा' है। एमनेस्टी




इंटरनेशनल और पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) सहित नागरिक समाज संगठनों ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबे समय तक प्रतिबंध की कड़ी निंदा की है और इसे देश में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। पाकिस्तान की एफआईए साइबर क्राइम विंग ने एक्स से उन सभी खातों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था जो कथित तौर पर मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है, 'एक्स अधिकारियों ने एफआईए साइबर क्राइम विंग के अनुरोधों को नजरअंदाज कर दिया और जवाब नहीं दिया, जिसके बाद साइट को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया।' रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति की रक्षा और सुरक्षा के उद्देश्य से देश की खुफिया एजेंसियों के अनुरोध पर आंतरिक मंत्रालय ने 17 फरवरी, 2024 को एक्स को बंद करने के आदेश जारी किए। रिपोर्ट में कहा गया है, पाकिस्तान में ट्विटर/एक्स पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और हमारे देश की अखंडता को बनाए रखने के हित में किया गया था।

## भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर, सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन को हराया

एजेंसी

म्यूनिख। युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी ने बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन को 4-6, 7-6, 10-6 से हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद, इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने अगले दो सेटों में वापसी की और पिछले हफ्ते मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतने वाले गिले और व्लिगेन को हराया।

इससे पहले भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी माराकेच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी, जहां उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी वर्तमान में एटीपी रैंकिंग में 59वें स्थान पर है। भांबरी ने युगल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जनवरी में पुरुष एकल छोड़ दिया था। इस बीच, रुतुजा भोसले डब्ल्यू50 शेनझेन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जो एक हार्ड-कोर्ट इवेंट था। रुतुजा युगल में भी चीन की येफिसन मा के साथ साझेदारी करते हुए भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। एकल में रुतुजा का अगला मुकाबला चीन की लियू फांगझोउ से होगा, जबकि महिला युगल में रुतुजा और ये शिन मा का मुकाबला प्रार्थना थोम्बारे और एरियन हार्टोनो से होगा।



## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024: भारत ने नौ पदकों के साथ समाप्त किया अपना अभियान

एजेंसी

बिश्केक। भारतीय दल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में नौ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, इन नौ पदकों में चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। मंगलवार को समाप्त हुई छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 30 भारतीय पहलवानों ने भाग लिया। 30 पहलवानों में से दस ने पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 ने पुरुष ग्रीको-रोमन और 10 ने महिला फ्रीस्टाइल में भाग लिया।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल में, अंडर-20 एशियाई चैंपियन, उदित ने 57 किग्रा में रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने पहले दिन अपने-अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते। वहीं, महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने शनिवार को 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अंजू और हर्षिता ने क्रमशः 53 किग्रा और 72 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। पहलवान मनीषा (62 किग्रा) और अंतिम पंघाल (65 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंजू को फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जी हयांग किम से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हर्षिता महिलाओं के 72 किग्रा के स्वर्ण पदक मैच में चीन की कियान जियांग से 5-2 से हार गईं और रजत पदक हासिल किया।

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दो बार की एशियाई चैंपियन सरिता मोर, जो महिलाओं के 57 किग्रा में शामिल थीं, क्वार्टर फाइनल में अपना मैच हारकर खाली हाथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अम्मान में आयोजित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में, भारतीय पहलवानों ने 14 पदक जीते, जिसमें एक स्वर्ण, तीन रजत और दस कांस्य पदक शामिल थे। अब तक, भारत ने कुश्ती में केवल एक पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया है। 2023 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के बाद अंतिम पंघाल ने ग्रीष्मकालीन खेलों में अपना स्थान पक्का कर लिया।

## बायर लेवरकुसेन के पहली बार बुंडेसलीगा जीतने पर थॉमस ब्रडारिक ने ज़ाबी अलोंसो की टीम की प्रशंसा

एजेंसी

अहमदाबाद। थॉमस ब्रडारिक को बायर लेवरकुसेन में 2001-02 सीज़न में दिल तोड़ देने वाले सीज़न का सामना करना पड़ा। जर्मन क्लब तिहरे लक्ष्य का पीछा कर रहा था लेकिन अंततः कुछ भी नहीं जीत सका। और रविवार को, जब ज़ाबी अलोंसो के बहादुरों ने क्लब के 119 साल के इतिहास में पहली बार बुंडेसलीगा पर बायर्न म्यूनिख की 11 साल की पकड़ को समाप्त करते हुए खिताब हासिल किया, तो ब्रडारिक बेयरकुसेन के घरेलू मैदान - बायएरेना में था - अपने क्लब के लिए समर्थन कर रहा था। आप ऐसी घटना को मिस नहीं कर सकते। क्या आप कर सकते हैं? जर्मन राष्ट्रीय टीम के पूर्व खिलाड़ी ने बुधवार को लीवरकुसेन के 2 टेलीफाफ को बताया। 49 वर्षीय ब्रडारिक, कुवैती क्लब अल अरबी स्पोर्ट्स क्लब के साथ अपनी नौकरी छोड़ने के बाद इस सीज़न में बेहरेना में नियमित रूप से शामिल हैं। दिसंबर के बाद से मैंने हर मैच देखा है।

# आर्सेनल को हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचा बायर्न म्यूनिख

एजेंसी

बर्लिन। जोशुआ किमिच के एकमात्र गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने दूसरे चरण में आर्सेनल को 1-0 (कुल मिलाकर 3-2) से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम चार में प्रवेश किया।

बायर्न म्यूनिख ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शुरुआत की। मैच के शुरुआती मिनट में हैरी केन गोल करने के बेहद करीब थे, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट से चूक गया। इसके बाद दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन सफलता नहीं मिली और पहला हॉफ गोल रहित समाप्त हुआ। बायर्न ने दूसरे हाफ में जोरदार शुरुआत की। लियोन गोरेत्ज़का ने हेडर के जरिये गोल करने की कोशिश की, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट से टकरा कर वापस आया, जिसपर राफेल गुएरेरो ने रिबाउंड शॉट मारा, हालांकि यह शॉट बेकार गया और गेंद बाएं गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गई।



मैच के 63वें मिनट में आखिरकार जोशुआ किमिच ने बेहतरीन गोल करते हुए बायर्न को 1-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही बायर्न ने 2020 के बाद अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया, उसी वर्ष जब उसने चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती थी। सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना रियल मैड्रिड से होगा।

# रियल मैड्रिड ने मैन सिटी को चैंपियंस लीग से बाहर कर दिया

एजेंसी

मैनचेस्टर। होल्डर्स मैनचेस्टर सिटी को एतिहाद स्टेडियम में रियल मैड्रिड द्वारा पेनल्टी पर 4-3 से हराया गया था, जब वे 1-0 से पिछड़ने के बाद कुल स्कोर 4-4 से बराबरी पर थे, क्योंकि उनकी लगातार दूसरी खिताब जीत की उम्मीदें खत्म हो गई थीं। रियल मैड्रिड ने होल्डर्स सिटी पर नाटकीय पेनल्टी शूट-आउट जीत के बाद 15वें यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब के लिए अपनी खोज जारी रखी और लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले दस मिनट तनावपूर्ण उतार थे। जब तक कैमाविंगा ने लक्ष्य पर शॉट नहीं लगाया तब तक दोनों टीमें शतरंज के खेल की तरह बैठकर एक-दूसरे का अध्ययन करती रहीं। एडर्सन ने 11वें मिनट में क्षेत्र के किनारे से उनके प्रयास को पकड़ लिया, एक मौका जो गोल की प्रस्तावना था जिसने मैड्रिड को निम्नलिखित चाल में बढ़त दिला दी।वाल्वर्डे ने डिफेंस के पीछे एक गेंद खेली, विनी जूनियर ने दाहिना विंग तोड़ दिया और बॉक्स में निचले स्तर को पार कर गई। रोड्रिगो शॉट, एडरसन ने ब्राजीलियाई के शुरुआती प्रयास को बचाया और फॉरवर्ड ने रिबाउंड में एतिहाद स्टेडियम को चौंका दिया (0-1, 11वां मिनट) इसने सिटी को फटफूट पर जाने के लिए प्रेरित किया, और घरेलू टीम पीछे जाने के सात मिनट बाद ही करीब आ गई जब एर्लिंग हैलैंड का लूपिंग हेडर क्रॉसबार से टकराया।

# बार्सिलोना ओपन के दूसरे दौर में हारे राफेल नडाल

एजेंसी

बार्सिलोना। चोट से वापसी कर रहे राफेल नडाल की बार्सिलोना ओपन में वापसी दूसरे दौर में समाप्त हो गई, जब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के चौथे वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने एक घंटे और 50 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-1 से हरा दिया। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने पहले सेट में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी के साथ अच्छी प्रतिस्पर्धा की, हालांकि दूसरे सेट में फिटनेस की कमी कारण वह ज्यादा चुनौती नहीं दे सके और मिनौर ने सेट और मैच आसानी से जीत लिया। पूर्व विश्व नंबर एक और बार्सिलोना में 12 बार के विजेता, नडाल ने मंगलवार को पहले दौर में इटली के फ्लेवियो कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई थी। बार्सिलोना में अन्य परिणामों में रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने एड्रिया वावसोरी को 4-6, 6-3, 6-1 से हराया, जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए। छठे वरीय उगो हम्बर्ट, दुसान लाजोविच से 6-4, 6-4 से हारकर बाहर हो गए और नौवें वरीय निकोलस जेरी भी मार्को ट्रुंगेलिटी के खिलाफ 7-6(5) 6-3 से हार गए।



# गुजरात टाइटंस ने बनाया आईपीएल इतिहास का सबसे कम स्कोर


एजेंसी

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस (जीटी) ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया। गुजरात की टीम दिल्ली के खिलाफ केवल 89 रन पर सिमट गई।

गेंदबाजों के बाद, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और शाई होप के बेहतरीन बल्लेबाजी की दौलत दिल्ली ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की। आईपीएल के 17वें संस्करण के 32वें मैच में गुजरात की टीम अपने सबसे कम स्कोर सिर्फ 89 रन पर आउट हो गई। आईपीएल में गुजरात का इससे पहले सबसे कम स्कोर 2023 में दिल्ली के खिलाफ 125/6, 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 130 और एलएसजी के खिलाफ 135/6 रहा है। कम स्कोर पर आउट होने वाली टीमों की सूची में टाइटंस शीर्ष पर है। 17वें संस्करण के 32वें मैच के दौरान पिछले साल की फाइनलिस्ट सिर्फ 89 रन पर आउट हो गई। दिल्ली के खिलाफ कम स्कोर पर आउट होने वाली अन्य टीमों में मुंबई इंडियंस (आईपीएल 2012 में 92 रन), राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स (आईपीएल 2017 में 108 रन) और चेन्नई सुपर किंग्स (आईपीएल 2012 में 110/8) शामिल हैं।



## दिल्ली के खिलाफ टीम के खराब प्रदर्शन पर शुभमन गिल ने कहा- हमारी बल्लेबाजी बहुत औसत थी



एजेंसी

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के कम स्कोर वाले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ हार के बाद, गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी टीम की बल्लेबाजी बहुत औसत थी। गेंदबाजों के बाद, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और शाई होप के बेहतरीन बल्लेबाजी की दौलत दिल्ली ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने कहा कि हमने खराब बल्लेबाजी की, विकेट में कोई कमी नहीं थी। गिल ने मैच के बाद कहा, हमारी बल्लेबाजी बहुत औसत थी, और आगे बढ़ना और मजबूत वापसी करना महत्वपूर्ण है। विकेट ठीक था, अगर आप कुछ आउट हुए खिलाड़ियों को देखें, तो इसका पिच से कोई लेना-देना नहीं था। मैं कहूंगा कि बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले। जब विपक्षी टीम 89 रनों का पीछा कर रही है और कोई गेंदबाज जब तक दोहरी हैट्रिक नहीं ले लेता, विपक्षी टीम हमेशा खेल में बनी रहेगी। यह हमारे लिए सीज़न का आधा पड़ाव है, हमने 3 जीते हैं और उम्मीद है कि हम अगले 7 मैचों में से हम 5-6 मैच जीतेंगे।

# जिम्बाब्वे ने कर्टनी वॉल्श को महिला टीम का कोचिंग सलाहकार नियुक्त किया

एजेंसी

अबू धाबी। जिम्बाब्वे ने 25 अप्रैल से अबू धाबी में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 से पहले वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को महिला टीम का कोचिंग सलाहकार नियुक्त किया है।

वाल्टर चावागुटा द्वारा प्रशिक्षित जिम्बाब्वे महिला टीम ने हाल ही में अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, और अब इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले मुख्य महिला टी20 विश्व कप आयोजन के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है। जिम्बाब्वे मेजबान यूएई, आयरलैंड, नीदरलैंड और वानुअतु के साथ ग्रुप बी में है। वाल्श, जिन्होंने 132 मैचों में 519 टेस्ट विकेट लिए, अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2023 तक वेस्टइंडीज महिला टीम के मुख्य कोच रहे। उनके नेतृत्व में, टीम न्यूजीलैंड में 2022 महिला एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची, जहां टीम को अंतिम विजेता ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने एक बयान में कहा,वाल्श दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं और हमारा मानना है कि विशेष रूप से महिलाओं के खेल के उच्चतम स्तर पर उनका अनुभव साल के अंत में मुख्य वैश्विक टूर्नामेंट में दो स्थानों में से एक को सुरक्षित करने की हमारी संभावनाओं को बढ़ावा देगा।



उन्होंने कहा, हम अबू धाबी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान के लिए तकनीकी सलाहकार के रूप में कर्टनी को लाने में सक्षम होने के लिए खुद को भाग्यशाली मानते हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अपने-अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहने वाली टीमें विरोधी ग्रुप के दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेंगी। 5 मई को होने वाले सेमीफाइनल के विजेता 7 मई को क्वालीफायर फाइनल में भिड़ेंगे। विजेता टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**वाल्टर चावागुटा द्वारा प्रशिक्षित जिम्बाब्वे महिला टीम ने हाल ही में अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, और अब इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले मुख्य महिला टी20 विश्व कप आयोजन के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है।**

# ब्राजीली दिग्गज रोमारियो 58 साल की उम्र में करेंगे पेशेवर फुटबॉल में वापसी

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर रोमारियो फारिया ने 58 साल की उम्र में पेशेवर फुटबॉल में अपनी चौंकाने वाली वापसी की है। इससे पहले 2009 में उन्होंने शानदार करियर के बाद फुटबॉल से संन्यास ले लिया था।

58 वर्षीय फारिया का करियर काफी सफल रहा है। उन्होंने 1994 में ब्राजील के साथ प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप जीता। उन्होंने डच दिग्गज पीएसवी और ला लीगा टीम बार्सिलोना के लिए भी खेला। 1994 विश्व कप में, रोमारियो ने पांच गोल किए जिससे सेलेकाओ को प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने में मदद मिली। अपने फुटबॉल करियर में, ब्राज़ीलियाई फुटबॉल दिग्गज ने 1000 से अधिक गोल किए। गोल.कॉम के अनुसार, रोमारियो ने खुद को अमेरिका फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी के रूप में पंजीकृत कराया है। वह क्लब के अध्यक्ष के रूप में भी काम करेंगे जहां उनके बेटे रोमारिन्हो उनके साथ खेलेंगे।फुटबॉल में वापसी के बाद ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी क्लब से न्यूनतम वेतन लेंगे और अपना सारा वेतन दान में देंगे।रोमारियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कहा कि वह चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे बल्कि अपने बेटे के साथ कुछ मैच खेलेंगे।



रोमारियो ने कहा, मैं चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं करने जा रहा हूं, बल्कि अपने दिल की टीम के लिए कुछ मैच खेलूंगा और अपने बेटे के साथ खेलकर एक और सपना साकार करूंगा।वर्तमान में, अमेरिका फुटबॉल क्लब ब्राज़ील के कैम्पियोनाटो कैरिओका के दूसरे डिवीजन में खेलता है। वे एक नए सीज़न की शुरुआत की भी तैयारी कर रहे हैं, जो 18 मई से शुरू होगा।

# डब्ल्यूसीपीएल 2024 का आयोजन 21 से 29 अगस्त तक, त्रिनिदाद और टोबैगो करेगा मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 का आयोजन 21 से 29 अगस्त तक त्रिनिदाद और टोबैगो में किया जाएगा। टूर्नामेंट में तीन टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स शामिल होंगी।



टूर्नामेंट में छह ग्रुप मैच होंगे और फाइनल मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा। यह पहली बार होगा कि डब्ल्यूसीपीएल पुरुषों की रिपब्लिक बैंक कैरेबियन प्रीमियर लीग से पहले होगा, जिसमें पूरे क्षेत्र और दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। कैरेबियन प्रीमियर लीग के सीईओ पीट रसेल ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हम इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सहमत होने के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो को धन्यवाद देना चाहते हैं और हम पुरुषों के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले डब्ल्यूसीपीएल के आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो सरकार ने महिलाओं के खेल के प्रति जो प्रतिबद्धता दिखाई है वह अभूतपूर्व है और हम 21 से 29 अगस्त तक इन सात मैचों में विश्व स्तरीय क्रिकेट की एक और शानदार प्रदर्शनी की उम्मीद कर रहे हैं।

खेल और सामुदायिक विकास मंत्री, शम्फा कुडजो-लुईस ने कहा, हमें एक बार फिर महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है, जहां पूरे क्षेत्र से खेल में महिलाओं की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट हमारी महिला क्रिकेटरों के अविश्वसनीय कौशल को उजागर करता है और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और खेल में समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। खेल और सामुदायिक विकास मंत्रालय त्रिनिदाद और टोबैगो में महिला क्रिकेट और खेल पर्यटन की प्रगति का नेतृत्व करने में गर्व महसूस करता है और हम क्रिकेट उत्कृष्टता के एक शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों और प्रशंसकों का हमारे तटों पर स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

## आई-लीग 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज़

एजेंसी

नई दिल्ली। गोकुलम केरल एफसी के खिलाड़ी एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज़ ने आई-लीग 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वोच्च स्कोरर का पुरस्कार जीता। लोपेज़ ने लीग के 22 मैचों में 19 गोल किये और शीर्ष स्कोरर रहे। हालांकि उनका क्लब, गोकुलम केरल एफसी आई-लीग तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को आई-लीग 2023-24 सीज़न के पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की। आई-लीग का एक और सीज़न समाप्त हो गया है, जिसमें मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपना पहला राष्ट्रीय लीग खिताब जीता और इंडियन सुपर लीग में पदोन्नति हासिल कर ली। मोहम्मडन स्पोर्टिंग का सीज़न समग्र रूप से बहुत अच्छा रहा, कई खिलाड़ियों और टीम ने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में चमक बिखेरी। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के पदम छेत्री ने कोलकाता की ओर से कुछ शानदार प्रदर्शन किए, जिससे उन्हें सीज़न के दौरान विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने में मदद मिली। उन्हें लीग का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। इस बीच, उनके साथी मिर्जालोल कासिमोव को सीज़न का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर नामित किया गया। रियल कश्मीर ने अपने 24 मैचों में केवल 19 गोल खाए और उनके कप्तान मुहम्मद हम्माद ने उनके लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम्माद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। उन्नीस वर्षीय विंगर जिम्मर निकुम को सीज़न के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। 15 जीत, सात ड्रॉ और केवल दो हार के साथ, मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मुख्य कोच एंड्री चेर्निशोव को सीज़न के सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, टीआरएयू एफसी की टीम को फेयर प्ले पुरस्कार दिया गया।

**सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी:** एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज (गोकुलम केरल एफसी-पुरस्कार राशि एक लाख रुपये)

**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर:** पदम छेत्री (मोहम्मडन स्पोर्टिंग पुरस्कार राशि-केवल एक लाख रुपये)

सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार: मुहम्मद हम्माद (रियल कश्मीर एफसी-केवल एक लाख रुपये)

**सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर:** मिर्जालोल कासिमोव (मोहम्मडन स्पोर्टिंग-केवल एक लाख रुपये)

**सर्वोच्च स्कोरर:** एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज (गोकुलम केरल एफसी-19 गोल) (केवल एक लाख रुपये)

सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी: ग्मामर निकुम (इंटर काशी-केवल एक लाख रुपये)

सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार: एंड्री चेर्निशोव (मोहम्मडन स्पोर्टिंग)

फेयर प्ले प्रतियोगिता के विजेता: टीआरएयू एफसी (केवल एक लाख रुपये)

सर्वश्रेष्ठ मैच संगठन: मोहम्मडन स्पोर्टिंग (रु. एक लाख मात्र)

## यूएसए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

एजेंसी

डलास। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को ICC T20 विश्व कप से ठीक पहले अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली T20I श्रृंखला से पहले यूएसए पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, देश के क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है। लॉ का एक विशिष्ट कोचिंग करियर रहा है, जो तब शुरू हुआ जब उन्हें 2009 में श्रीलंका का सहायक कोच नियुक्त किया गया था। उनका पहला मुख्य कोच पद 2011-12 में बांग्लादेश के साथ था। इसके बाद उन्होंने दो साल के अनुबंध पर 2017-2018 तक वेस्टइंडीज की कमान संभाली। 2022 में, उन्हें अफगानिस्तान का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया था और बाद में उसी वर्ष लॉ को बांग्लादेश अंडर-19 क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2019-21 तक इंग्लिश काउंटी टीम, मिडलसेक्स को भी कोचिंग दी है। इस समय यूएसए क्रिकेट में शामिल होना एक रोमांचक अवसर है। संयुक्त राज्य अमेरिका खेल में सबसे मजबूत एसोसिएट देशों में से एक है, और मेरा मानना है कि हम आगे चलकर एक मजबूत टीम तैयार कर सकते हैं। पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा और फिर अपने घरेलू विश्व कप पर नजरें जमाना होगा, जो बहुत बड़ा होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 19 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### चुनाव ड्यूटी: कर्मचारी की हार्टअटैक से मौत

टीम एक्शन इंडिया

**मंडला:** मध्य प्रदेश के मंडला में चुनाव ड्यूटी में तैनात एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हार्टअटैक से उनकी जान गई है, पीएम रिपोर्ट आना बाकि है। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मनीराम कांवरे बिछिया विकासखंड के नकावल ग्राम का रहने वाला था। प्रारंभिक जांच के अनुसार सिविल सर्जन डॉक्टर विजय धुर्वे ने बताया कि कर्मचारी की मृत्यु हार्ट अटैक के चलते हुई है, पोस्टमार्टम के उपरांत ही इसकी पुष्टि की जाएगी। 18 अप्रैल 2024 को निर्वाचन के लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी हर बूथों तक मत पेटियां पहुंचने के लिए लगाई गई है। बता दें कि बुधवार रात्रि से ही शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर मंडला में जिले भर से कर्मचारियों के आने का तांता लगा हुआ है। 18 अप्रैल को सुबह ही चुनाव ड्यूटी में आए एक कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। चुनाव ड्यूटी में आए मृतक मनीराम कांवरे की अचानक तबियत बिगड़ी तो उसे शासकीय जिला चिकित्सालय मंडला लाया गया। जहां परीक्षण के दौरान उक्त कर्मचारी को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की सूचना मृतक के परिवारजनों और जिले के आला अधिकारियों को दे दी गई है। जानकारी प्राप्त होते ही आला अधिकारियों का अमला जिला चिकित्सालय में पहुंच चुका है। उक्त घटना की जांच की जा रही है।

### महंगाई और बेरोजगारी से हर परिवार परेशान है: अक्षय कांति

टीम एक्शन इंडिया

**इंदौर:** लोकसभा चुनाव आ चुके हैं और कांग्रेस-भाजपा दोनों दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में दिनरात मेहनत कर रहे हैं। इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम चुनाव लड़ रहे। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव नीचे से ऊपर की ओर है। हमारा सबसे पहला ध्यान बूथ कार्यकर्ता पर है। सबसे पहले हम बूथ मैनेजमेंट कर रहे हैं। मतदाता सूची का प्रशिक्षण चल रहा है, प्रचार सामग्री गली गली में लगाई जा रही है। बोलने को तो कोई कुछ भी कह सकता है। भाजपा लिखकर दे सकती है क्या कि वह इंदौर में आठ लाख वोट से चुनाव जीतेगी। इस बार चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को कांग्रेस की केस स्टडी करना पड़ेगी की कांग्रेस इतने अच्छे वोट से कैसे जीत गई। आज देश में दो ही बड़े मुद्दे हैं। पहला महंगाई और दूसरा बेरोजगारी।

### 50 से अधिक खेतों में लगी भीषण आग

टीम एक्शन इंडिया

**अलीगढ़:** फसल को लेकर किसान अपनी आंखों में कई सपने संजोकर रखता है कि जब फसल बिकेगी, तो बेटी की शादी करेगा, कर्ज चुकाएगा, बच्चों का एडमिशन कराएगा, ये खरीदेगा-वो खरीदेगा। वही फसल जब उसके सामने जल कर राख हो जाए और उसके हिस्से में बस राख रह जाए, तो उस किसान के आंखों के आंसू भी सूख जाते हैं। ऐसा ही हुआ अतरौली के गांव गनियावली और पैंडरा में, जहां 18 अप्रैल दोपहर आग लगने से करीब 50 से अधिक किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने में किसानों के पसीने छूट गए। दमकल की तीन गाड़ी मौके पर पहुंची, तब करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# हमें विकसित भारत चाहिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए: सीएम

**वोट की अपील**

» जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे सपा कांग्रेस की बात करेंगे, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा को जिताएंगे



टीम एक्शन इंडिया

**मेरठ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किठौर विधानसभा क्षेत्र के सिसौली में जनसभा को संबोधित किया। वे हेलिकॉप्टर से सिसौली इंटर कॉलेज के मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे तीन बजे से उनकी सभा हुई। योगी आदित्यनाथ का जिले में ये तीसरा दौरा है। इससे पहले वे मोदीपुरम में हुई प्रधानमंत्री की रैली में आए थे। इसके बाद सरधना में ठाकुर चौबीसी में रैली को संबोधित कर चुके हैं। गुरवार को योगी किठौर विधानसभा क्षेत्र में ठाकुर बाहुल्य क्षेत्र सिसौली में आएंगे। ठाकुर समाज की कई जगह नाराजगी के चलते लगातार पश्चिम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभाएं कर रहे हैं। सिसौली में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा औघड़ नाथ और क्रांतिकारियों की धरा और शहीद अनिल तोमर को नमन करता हूं। श्री राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को भी नहीं पता था कि रामलला इस बार अपना जन्मोत्सव मनाएंगे। जो आपने 22 जनवरी में देखा है, जो आपने 2020 में देखा। कल अयोध्या में 15 लाख से ज्यादा लोग आए। क्या कांग्रेस और सपा के लोग ये कर पाते। इसीलिए अरूण गोविल को लाए हैं। 1857 में धन सिंह कोतवाल ने स्वतंत्रता की अलख जगाए। तेरा वैभव अमर रहे मां। वे अपने या परिवार के लिए नहीं जिए उनका जीवन देश के लिए था। मेरठ से दिल्ली तक एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मेरठ का खेल उद्योग दुनिया ने नाम कमा रहा है। 1947 में पाकिस्तान अलग हुआ तो संख्या कम थी लेकिन क्षेत्रफल पाकिस्तान का ज्यादा था। आज भारत में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अन्न मिल रहा है और पाकिस्तान के 22 करोड़ लोग भूखे मर रहे हैं। 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया है। 12 करोड़ किसानों को पीएम निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय दिए हैं। ये सभी कार्य प्रधानमंत्री के नेतत्व में हुए हैं। कश्मीर में 370 क्या सपा बसपा कांग्रेस खत्म कर पाते। अयोध्या में राम मंदिर का सपना बसपा सपा कर पाते है। पहले यहां दंगे होते थे। आज यहां बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। भाजपा आस्था का भी सम्मान करती है, महिलाओं को सुरक्षा देती है, नौजवानों को रोजगार भी देती है। देश में विकास कार्य करती है। देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए, आत्मनिर्भर मेरठ चाहिए। मेरठ की बेटी पारुल चौधरी ने चीन में मेडल जीता हमने उनको सीधे डीएसपी बनाया। अरुण गोविल मेरठ के सांसद होंगे तो फ्री मे विज्ञापन कर-के मेरठ का नाम आगे बढ़ाएंगे। हमें विकसित भारत चाहिए, देश के बारे में भी सोचेगा जिसके लिए देश प्राथमिकता है। जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे सपा बसपा कांग्रेस की बात करेंगे, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा को जिताएंगे, जिसने कल भगवान सूर्य का तिलक देखा होगा, वो कहेंगे जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

### क्षेत्रफल में ज्यादा होने के बाद भी पाकिस्तान में भुखमरी: योगी

**योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि 1947 में भारत और पाकिस्तान स्वतंत्र हुए। पाकिस्तान को कम जनसंख्या के मुकाबले क्षेत्रफल ज्यादा मिला। भारत 80 करोड़ लोगों को चार वर्ष से नि:शुल्क राशन मिल रहा है और अगले पांच साल तक जारी रहेगा। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जिसमें से 80 करोड़ नि:शुल्क राशन पा रहे है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है और वहां लोग भूखे मर रहे हैं। भारत का विभाजन करके पाकिस्तान बना। भारत का समृद्ध क्षेत्र और ज्यादा जमीन भी दी गई और वहां लोग भूखे मर रहे हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी नहीं है, उससे ज्यादा लोगों को दस वर्षों में गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

**60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया:** योगी सीएम ने कहा कि 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, ऐसे लोगों की चिट्ठी मिलते ही जनधन अकाउंट में पैसा सीधा भेजा जा रहा है।



लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयी हैं।

### मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान

टीम एक्शन इंडिया

**कांकेर:** हापाटोला जंगल में मंगलवार को मुठभेड़ में मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान हो गई है। बाकी 13 नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए थे। उल्लेखनीय है कि कांकेर में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान 15 महिला नक्सलियों सहित कुल 29 नक्सली मारे गए। ज्यादातर मारे गए नक्सलियों की पहचान दक्षिण बस्तर के निवासी के रूप में हुई है। मारे गए जिन नक्सलियों की पहचान हुई है उनमें शंकर राव-डीव्हीसी सदस्य/उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, ललिता डीव्हीसी-सदस्य/परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी/जनताना सरकार, दिवाकर सुखलाल पद्दा, हीरालाल, विनोद गावडे, राकेश, कमला सोढ़ी, रंजीत, हिड़मे मरकाम, नीतू वड्डा, मानकी कुड़ामी शामिल हैं।

### हताश कांग्रेसी उल्टे-सीधे बयान दे रहे: सीएम साय



टीम एक्शन इंडिया

**कोरबा:** कोरबा में भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने गुरवार को मुख्यमंत्री साय की मौजूदगी में नामांकन का दूसरा सेट जमा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे। भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय ने 16 अप्रैल को अपना पहला नामांकन फॉर्म शुभ मुहूर्त में पहले भी जमा किया था। कोरबा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित किया। कोरबा की नामांकन रैली में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, विधानसभा में आशीर्वाद देने के लिए कोरबा और प्रदेश की जनता का धन्यवाद। अब यह लोकसभा चुनाव भी काफी अहम चुनाव है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। कोरबा को ऐसी अनुभवी उम्मीदवार मिली है जो महापौर रही हैं, विधायक रही हैं, सांसद रहीं हैं, भाजपा संगठन में भी बड़े पद पर रही हैं। कांग्रेस के नेताओं ने किस चीज में भ्रष्टाचार नहीं किया। नरवा गरवा में, शराब में, कोयला में हर चीज में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है। आज वे सब जेल में हैं। इस भ्रष्टाचार में जिन अधिकारियों ने सहयोग किया वे भी जेल में हैं। बेल भी नहीं मिल रही। हमारी आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू आज देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। आदिवासी समाज की चिंता सिर्फ भाजपा ही करती है। कांग्रेस के नेता अब बौखलाहट में कुछ भी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस कहती है, भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। उन लोगों की बात में नहीं आना है। अमित शाह भी कह चुके हैं कि भाजपा जब तक राजनीति में है आरक्षण खत्म नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सांय-सांय हो रहा है। चुनाव के बाद विकास के काम में और तेजी आएगी। कई लोग हैरान हैं, कई मुख्यमंत्री मुझे कह चुके हैं छत्तीसगढ़ में इतना तेजी से काम हो रहा है।

**साधा निशाना**

» भाजपा उम्मीदवार सरोज ने 16 अप्रैल को अपना पहला नामांकन फॉर्म शुभ मुहूर्त में पहले भी जमा किया था

**कांग्रेसी भ्रष्टाचारी हैं : पांडे**

फॉर्म जमा करने के बाद मीडिया से सरोज पांडे ने कहा कि, कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कहती हैं कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करते हैं लेकिन मैं नहीं करती हूं।

### किसी भी दशा में चुनाव में फर्जी वोटिंग नहीं होंने देंगे: डॉ. ओ.पी. सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर:** डीआईजी रेंज वाराणसी डॉ. ओ.पी. सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। डीआईजी ने पार्टी प्रतिनिधियों और अधिकारियों को उनके दायित्वो के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन करें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### पूरा मध्य प्रदेश मोदीमय है: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

#### सागर पहुंचे सीएम मोहन यादव, भाजपा प्रत्याशी के साथ रोड शो में हुए शामिल

टीम एक्शन इंडिया

**सागर:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरवार को सागर में थे। दाखिल किए जाने के पहले उनके समर्थन में आयोजित रोड शो में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री पहुंचे थे। निर्धारित समय से लगभग सवा घंटा देरी से बालाजी मंदिर स्थित हेलीपैड पर पहुंचे सीएम यादव का भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, स्थानीय विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



सीएम डॉ. मोहन यादव यहां से कार द्वारा सरस्वती गार्डन मोती नगर चौराहा पहुंचे और रथ पर सवार हुए। यहां उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत व प्रहलाद पटेल, विधायक शैलेंद्र जैन निवृत्तमान सांसद राज बहादुर सिंह, महापौर संगीता सुशील तिवारी, लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेड़े आदि भी रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए निकले। रोड शो मार्ग पर जगह-जगह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का रोड शो यहां से रामबाग मंदिर बड़ा बाजार, कोतवाली होकर तीनबत्ती पहुंचकर पूर्व निर्धारित समापन स्थल कटरा यातायात थाने के पहले ही समाप्त हो गया।

**प्रचार**

» दाखिल किए जाने के पहले उनके समर्थन में आयोजित रोड शो में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री पहुंचे थे

### मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है सपा: नंदी

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण एवं रामलला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है। रामगोपाल यादव के बयान पर मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रोफेसर होकर इस प्रकार की नफरती और विभाजनकारी भाषा का प्रयोग रामगोपाल यादव की डिग्री पर सवालिया निशान है। इसी



विकृत सोच ने सैकड़ों निर्दोष रामभक्तों पर गोलियां चलवाने का महापाप किया था। सनातन आस्था के प्राण पुरुष प्रभु श्रीराम के बारे में ऐसा ओछा बयान इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि समाजवादी पार्टी मुस्लिम वोटों के लालच में किसी भी हद तक गिर सकती है। वोट बैंक को पोषित करने के लिए, हिन्दू आस्था व श्रद्धा को पाखंड कहना समाजवादी पार्टी की निकृष्टता और पतन की पराकाष्ठा है। जनता इस चुनाव में इन हिन्दू विरोधी शक्तियों को जमींदोज कर देगी। रामद्रोही समाजवादी पार्टी का नामोनिशान ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर सपा का सूपड़ा साफ होना सुनिश्चित है। सपा, बसपा, कांग्रेस के लोग नहीं कर पाते काम मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सारे परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं।

### मायावती ने नौ दिन पहले घोषित प्रत्याशी को पार्टी से निकाला

**झांसी:** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने नौ दिन पहले घोषित झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से बुधवार देर रात निष्कासित कर दिया। कुशवाहा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। इतना ही नहीं, मायावती ने झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटा दिया है। उनके स्थान पर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गौतम ने बताया कि जल्द ही इस सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

### टिकट वितरण: होइए वही जो राम रचि राखा: सांसद बृजभूषण सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लगभग सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। भाजपा ने अभी सिर्फ दो सीटों पर पत्ते नहीं खोले हैं। इनमें रायबरेली और कैसरगंज सीट शामिल हैं। कैसरगंज सीट पर पेंच फंसा है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह इस सीट से लगातार दावेदारी कर रहे हैं। कैसरगंज और रायबरेली सीट पर पांचवें चरण (20 मई) को मतदान होना है। 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 3 मई को



नामांकन की आखिरी तारीख है। 6 मई नाम वापसी की आखिरी तारीख है। भाजपा ने इन दोनों सीटों पर अभी उम्मीदवारों के नामों का एलान नहीं किया है। वहीं, टिकट को लेकर गुरवार को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। दरअसल, डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई के लिए, दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे।

### सपा सरकार में हुए थे एक हजार दंगे: ब्रजेश

टीम एक्शन इंडिया

**बदायूं:** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में गुरवार को बदायूं क्लब में नामांकन जनसभा को संबोधित किया और सपा कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार में एक हजार से अधिक दंगे हुए, आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त है उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन और भाजपा के बीच है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर रहा है। भाई-भतीजा बाद हुआ है। आज हम कह सकते हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार में एक हजार दंगे हुए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश में आज भाजपा की सरकार की वजह से माफिया गले में तख्ती लटका कर घूमते हैं कि हम सब्जी बेंच लेंगे, लेकिन गुंडागर्दी व अराजकता नहीं करेंगे।

**अपराध मुक्त**

» समाजवादी पार्टी(सपा) की सरकार में एक हजार से अधिक दंगे हुए, आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त है

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस सालों में गरीब आदमी के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने का काम किया है। कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का काम किया है। 2014 से लेकर 2024 तक उसके पहले का रिकॉर्ड आप सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार चल रही थी। उस समय की सरकारें भ्रष्टाचार के दंगल में डूबी हुई थी, चाहे टी-जी स्पेक्ट्रम, कोयला या खेल में घोटाला हो, इतना ही नहीं सेना के भवनों में भी घोटाला हुआ। यह सब भारत माता की छवि को नीचे गिराने का काम कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया।

**रणनीति** कमलनाथ के बेटे नकुल या भाजपा के बंटी, सीट का सियासी समीकरण?, सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होगी

### छिंदवाड़ा लोकसभा सीट: मतदान आज, जनता की पसंद कौन?

टीम एक्शन इंडिया

**छिंदवाड़ा:** मध्य प्रदेश में पहले चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होगी और शाम छह बजे तक जारी रहेगी। 19 अप्रैल यानी कल प्रदेश के छह सीटों पर मतदान होगा, इसमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा शामिल है। इस सीट पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलमनाथ के बेटे नकुलनाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच टक्कर है। नकुलनाथ अपने पिता कमलनाथ और विवेक पीएम मोदी को आगे रखकर चुनाव लड़ रहे हैं। जानिए, क्या कहता है इस सीट का सियासी समीकरण।




**छिंदवाड़ा सीट कमलनाथ का गढ़:** पिछले 44 साल से कमलनाथ या उनके परिवार का कोई सदस्य यहां की सत्ता संभाल रहा है। लेकिन, इस बार यहां कांटे की टक्कर है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि सांसद के तौर पर यहां की जनता नकुलनाथ को ज्यादा पसंद नहीं कर रही है। ऐसे में पूर्व सीएम कमलनाथ के सामने सांसद बेटे नकुलनाथ को जिताने के साथ-साथ अपने 44 साल के सियासी साम्राज्य को बचाने की चुनौती है। चुनाव तारीख के एलान के बाद से ही कमलनाथ इसमें जोर-शोर से जुटे हुए हैं। अब कल मतदान हैं, ऐसे में जनता किसे सांसद बनाएगी, उसका परिणाम ईवीएम में कैद हो जाएगा, जो चार जून को सामने आएगा।

**चुनावी सरगर्मी**

» छह सीटों पर मतदान होगा, इसमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा शामिल है

**कमलनाथ का इमोशनल कार्ड:** नकुलनाथ को जिताने के लिए, कमलाथ ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने बेटे के लिए रात-दिन छिंदवाड़ा में कैंप किए। इस दौरान उन्होंने उनके कार्यकाल में किए विकास कार्य गिनाएं, और इमोशनल कार्ड खेला है। जनसभाओं में उन्होंने कहा- मैंने अपनी जवानी छिंदवाड़ा के लिए समर्पित की है। मेरी आखिरी सांस यहां के लिए है। नकुलनाथ भी लगातार भावनात्मक अपील कर रहे हैं। उनकी पत्नी खेतों में फसल काटती हुई भी नजर आ चुकी हैं। छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए भाजपा ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सीट की सभी सात विधानसभा क्षेत्र को लेकर अलग-अलग रणनीति बनाई और उस पर काम किया।